दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, रविवार 11 अप्रैल 2021, कृष्ण पक्ष-अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-63 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना काल पार्ट-2 में कई राज्यों में लॉकडाउन की नौबत आ गई है। इस बार किश्तों में लॉकडाउन किया जा रहा है। फिर भी मुनाफाखोरों की जमात इस आपदा को अवसर में बदलने से बाज नहीं आ रही है। शासन प्रशासन की गीदड़ भभकी के बाद भी वे लोगों को दोनों हाथों से लूट रहे है। सरकारी अस्पतालों में कोरोना संक्रमितों को बेड नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन निजी अस्पतालों की चांदी हो गई है। जो कोरोना संक्रमितों की मजबूरी का नाजायज फायदा उठा रहे है। सरकार को चाहिए कि वह इन निजी अस्पताओं का अस्थाई रूप से अधिग्रहण कर लें।

छत्तीसगढ़ पहुंची कोरोना वैक्सीन की खेप

■ 2 लाख 50 हजार वैक्सीन की सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बिच राहत भरी खबर सामने आई है। कोरोना वैक्सीन की अगली खेप रायपुर पहुंच गई है। कोलकाता के वैक्सीन सेंटर से 2 लाख 50 हजार कोविशील्ड वैक्सीन छत्तीसगढ़ भेजी गई है। सुबह करीब 7.15 बजे की फ्लाइट से कोविशील्ड वैक्सीन छत्तीसगढ़ पहुंची है। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार 11447 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार बीते 24 घंटे में 2305 मरीज स्वस्थ हुए हैं। वहीं दूसरी ओर 91 मरीजों की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्रदेश में अब तक 4654 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना की जंग जितने के बाद भाजपा नेत्री की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। कोरोना से जंग जीत कर घर लौटी महिला भाजपा नेता की मौत हो गयी है। भाजपा नेत्री की मौत की खबर के बाद पूरे इलाके में हडकंप मच गया है। मृतक नेत्री का नाम शाहीन अख्तर था, जो भिलाई के वार्ड नंबर 67 की पार्षद थी। जानकारी के मुताबिक सेक्टर आठ की रहने वाली महिला पार्षद शाहीन अख्तर की कुछ दिनों पहले ही अचानक तबीयत खराब हो गयी थी, जिसके बाद उनका कोरोना टेस्ट कराया गया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें सेक्टर नौ स्थित जवहारलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कोरोना संक्रमण के चलते उनके फेफड़े में इन्फेक्शन हो गया था। अस्पताल में उपचार के बाद वो स्वास्थ्य हो कर शुक्रवार को घर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरबा: 12 से 10 दिनों तक संपूर्ण लाकडाउन

■ अब तक 8 जिलों में लग चुका लाकडाउन

कोरबा। छत्तीसगढ़ का एक और जिला लॉकडाउन होने जा रहा है। प्रदेश में अब तक 8 जिलों में लॉकडाउन लग चुका है। 9वें जिले के रूप में अब कोरबा लॉकडाउन लग रहा है। 12 अप्रैल से कोरबा कंप्लीट लॉकडाउन हो जायेगा। संपूर्ण कोरबा जिला 10 दिनों के लिए लॉकडाउन होगा। हालांकि अन्य जिलों की तुलना में यहां आमलोगों को थोड़ी राहत होगी। दूध, न्यूज पेपर हॉकर, सब्जी दुकानों को कुछ देर की छूट होगी। कलेक्टर किरण कौशल कलेक्टरेट में टास्क फोर्स की बैठक ले रही है। बैठक के बाद लॉकडाउन पर विस्तृत गाईडलाइन जारी होगी। कोरबा जिले में 12 अप्रैल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संक्रमण रोकने पंचायत स्तर पर बनेंगे क्वारेन्टाइन सेंटर : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशानिर्देश पर राज्य में कोविड-19 की रोकथाम हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर क्वारेन्टाइन सेंटर की स्थापना की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा आज कोविड-19 की रोकथाम हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर क्वारेन्टाइन सेंटर की स्थापना के सम्बंध में दिशानिर्देश जारी किये गए हैं। सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस सम्बंध में दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। दिशानिर्देश में उल्लेख है कि राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड 19) से बचाव, रोकथाम तथा नियंत्रण हेतु विभिन्न आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

आवश्यक वस्तुओं की तैयारी पूर्ण

क्वारेंटाईन सेंटर से महिलाओं के स्नान के लिए सामाजिक मर्यादा के अनुरूप बांस, बोरा इत्यादि का उपयोग कर स्नान गृह तैयारी का कार्य पहले से ही करा लिया जाये, साथ ही परिसर के शौचालय की साफ-सफाई कराते हुये उपयोग योग्य तैयार कर लिया जाये। क्वारेंटाईन सेंटर में रूकने वाले व्यक्तियों हेतु सेनेटाईजर बॉटल, फिनाईल, डस्टबिन, झाड़ू, बाल्टी, गद्दा, दरी, नहाने एवं कपड़ा धोने का साबून, आदि आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराई जावें। क्वारेंटाईन सेंटर के लिये मास्क, सेनेटाईजर, साबुन, दोना, पत्तल जैसी वस्तुओं को जिले के स्थानीय स्व-सहायता समूह से क्रय किया जावे।

साफ-सफाई के साथ मिलेगा भोजन

ग्राम पंचायतों द्वारा भवन एवं सड़कों सहित सार्वजनिक स्थानों को कीटाणु ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मरीज की पहचान कर त्वरित उपचार करें

कोरोना वायरस के महामारी से बचाव हेतु समुदाय स्तर पर सक्रिय निगरानी कर मरीज की त्वरित पहचान व उपचार किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण को फैलने से रोके जाने हेतु बाहर से गांवों में आने वाले व्यक्तियों के लिये पूर्व में स्थापित क्वारेंटाईन सेंटरों की भांति इस समय भी क्वारेंटाईन सेंटर स्थापित किया जाना है। यह क्वारेंटाईन सेंटर संबंधित जिले के ग्राम पंचायत में गांव के बाहर में रखा जाना है। क्वारेंटाईन सेंटर के संचालन के संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुये क्वारेंटाईन सेंटर तत्काल पुनः स्थापित करना सुनिचित करें। क्वारेंटाईन सेंटर की निगरानी के लिए स्थानीय परिस्थिति अनुसार ग्राम के स्व-सहायता समूह, युवा समिति, रामायण भजन मंडली तथा कोविड-19 हेतु गठित निगरानी समिति एवं अन्य स्थानीय समिति का सहयोग लिया जाये।

संसाधनों की कमी नहीं होने देंगे, दृढ़ इच्छाशक्ति से करें मुकाबला

छत्तीसगढ़ में कोरोना से निपटने अब तक राज्य में 850 करोड़ आवंटित

रायपुर। कोरोना महामारी की शुरुआत से अब तक कोरोना नियंत्रण के विभिन्न उपायों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न मदों से 853करोड़ रूपए से अधिक राशि का आवंटन किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रशासनिक अमले से अपील की है कि वह दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पीड़ित मानवता की सेवा करे। शासन -प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ संसाधनों की व्यवस्था और मानीटरिंग करेंगे। किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष में कोरोना से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से समस्त 28 जिलों को 73.53 करोड़ रूपये आवंटित किए गये हैं । इसके अलावा 300करोड़ रू.जांच,दवा तथा अन्य उपभोग्य सामग्रियों के लिए ,192करोड़ रू.स्टेट डिजास्टर रिलीफ़फंड,185 करोड़ रू.नाबार्ड सहायता, 25करोड़ रू.लोक निर्माण विभाग, 78करोड़ रू.केंद्र-राज्य शामिलाती सहायता के शामिल हैं।इस प्रकार जांच से लेकर कोविड अस्पतालों के विकास तक, मरीजों की देखभाल, दवा, पोषण से लेकर मैदानी व्यवस्थाओं तक सभी कार्यों के लिए आर्थिक सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुख्यसचिव यथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य)को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विश्व में एक दिन में नौ लाख से अधिक लोग कोरोना संक्रमित

वाशिंगटन/ रियो डि जेनेरो/ नईदिल्ली (वार्ता)। दुनिया में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटे में विश्व में नौ लाख 13 हजार 599 लोग इस महामारी से संक्रमित हुए हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आँकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 13,47,10,324 तक पहुंच गयी है, जबकि अभी तक इस वायरस के संक्रमण से 29.15 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस का कहर बढ़ता ही जा रहा है तथा यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 10 लाख से अधिक हो गई है जबकि पांच लाख 61 हजार 74 मरीजों की मौत हो चुकी है। दुनिया में एक करोड़ से अधिक कोरोना संक्रमितों की संख्या वाले तीन देशों में शामिल ब्राजील दूसरे स्थान पर है। यहां 1,33,73,174 लोग इस वायरस से प्रभावित हुए हैं। यहां इस महामारी के संक्रमण से तीन लाख 48 हजार 718 मरीजों की मौत हो चुकी है। भारत में भी कोरोना संक्रमण के मामले फिर तेजी से बढ़ रहे हैं और यह विश्व में नए संक्रमित की संख्या के मामले में यह पहले स्थान पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में यहां 1,45,384 नये मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 32 लाख पांच हजार 926 हो गयी है। वहीं इस दौरान 77,567 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,19,90,859 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 67,023 बढ़कर 10,46,631 हो गये हैं।

देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या दस लाख के पार

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और शनिवार को सक्रिय मरीजों की संख्या दस लाख के पार पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान 67,023 सक्रिय मामले बढ़कर 10,46,631 पहुंच गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार इस बीच देश में 1,45,384 नये मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत मेंकोरोना के 9.80 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए

नई दिल्ली(वार्ता)। देशभर में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 34 लाख से अधिक टीके लगाए जाने के साथ शनिवार को अभी तक 9.80 करोड़ से ज्यादा कोरोना के टीके लगाये जा चुके हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार देशभर में आज सुबह सात बजे तक 14,75,410 सत्रों में कुल 9,80,75,160 टीके लगाए जा चुके हैं। इनमें से 89,88,373 हेल्थ केयर कर्मियों को कोरोना का पहला टीका लगाया जा चुका है और 54,79,821 को कोरोना की दूसरी खुराक दी जा चुकी है। फ्रंट लाइन वर्कर्स में से 98,67,330 को कोरोना की पहली खुराक दी जा चुकी है और 46,59,035 को दूसरी खुराक मिल गयी है। इसके अलावा 60 साल से अधिक आयु वर्ग के 3,86,53,105 लाभार्थियों को कोरोना को पहला टीका और 15,90,388 को दूसरी डोज लगाई गयी है और 45 से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास-खबर

चुनाव के दौरान हुई हिंसा में पांच की मौत

कोलकाता (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में चौथे चरण के चुनाव के दौरान हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा के चौथे चरण के मतदान के दौरान कूच बिहार जिले में माथाभंगा निर्वाचन क्षेत्र के जोरेपाटकी में सुरक्षा बलों द्वारा आत्मरक्षा के लिए चलाई गई गोली में हमीदुल हक, हमीनुल हक, मनीरुल हक और नूर आलम की मौत हो गयी। निर्वाचन आयोग ने हिंसा की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

जवान ने रायफल से मारी खुद को गोली

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के कोयलीबेड़ा में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने राइफ्ल से खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई। घटना शुक्रवार की शाम 6:45 बजे की है। इस घटना के बाद से कैम्प में अफरा-तफरी का माहौल है। कांकेर एडिशनल एसपी गोरखनाथ बघेल ने घटना की पुष्टि की है। उनके मुताबिक चौथी बटालियन में पदस्थ जवान का नाम प्रदीप शुक्ला है। वह उत्तर प्रदेश के लखनऊ का निवासी है। उधर, बीएसएफ कैंप के अधिकारी जवान द्वारा आत्महत्या करने के कारण को जानने में जुट गए हैं।

सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत, एक गम्भीर

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना नगरी थाना क्षेत्र की है। बाइक सवार तीन लोग नगरी से धमतरी की ओर जा रहे थे। इस दौरान दलदली मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वाहन ने जारदार टक्कर मार दी। दो लोंगो की मौत हो गयी है। वहीं एक अन्य गंभीर है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है। नगरी थाना प्रभारी विनय पम्मार ने बताया कि अज्ञात पिकअप की ठोकर से दो युवकों की मौत हुई है।

बंगाल में हिंसा को लेकर पीएम मोदी का ममता को जवाब-

केंद्रीय बल नहीं है समस्या आपकी भड़काऊ बयानबाजी है : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंसा को लेकर राज्य की मुख्यमंत्री और टीएमसी की मुखिया ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि समस्या केंद्रीय बल नहीं हैं, आपकी भड़काउ बयानबाजी है। पीएम मोदी ने कहा कि 'आज दीदी, केंद्रीय वाहिनी को गाली दे रही हैं। आज ईवीएम को गाली दे रही हैं। हालत तो ये है कि दीदी आज अपनी पार्टी के ही पोलिंग एजेंट्स को गाली देने लगी हैं।'

पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र के उत्सव में भी दीदी आप माताओं-बहनों के आंसू गिरने की वजह बन रही हैं। आपकी दुर्नीति ने बंगाल का ये हाल कर दिया है। केंद्रीय वाहिनी पूरे देश में चुनाव करवाती है, निष्पक्ष चुनाव करवाती है। याद रखिए, ये 2021 का बंगाल है। अब आपको लोकतंत्र से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। आप बंगाल के लोगों को डराने की, उनमें भय फैलाने की जितनी कोशिश कर रही हैं, उतने ही ज्यादा लोग आपको हराने के लिए एकजुट हो रहे हैं। पीएम मोदी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि आप इस बात को समझिए, ये दृष्य देखिए!

मध्य प्रदेश के कई और शहरों में 10 दिन का लॉकडाउन

- इंदौर सहित इन शहरों में 19 अप्रैल तक बढ़ी पाबंदी

भोपाल। मध्य प्रदेश में कोरोना के बढ़ते केसों के बीच राज्य सरकार ने कुछ और शहरों में लॉकडाउन की घोषणा कर दी है तो कुछ शहरों में इसकी अवधि 19 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इंदौर, बरवानी, राजगढ़, विदिशा (अर्बन-रूरल), राउ नगर, महूनगर और शाजापुर, उज्जैन में लॉकडाउन को 19 अप्रैल सुबह 6 बजे तक बढ़ाने की घोषणा की गई है तो बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी और जबलपुर में 12 से 22 अप्रैल तक लॉकडाउन रहेगा। जिला आपदा मैनेजमेंट ग्रुप से सीएम शिवराज सिंह चौहान की बैठक में यह फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मध्य प्रदेश में इस महीने के अंत तक कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या एक लाख तक पहुंच सकती है।

कोरोना से निपटने में खुल गई है मोदी सरकार की पोल : सोनिया

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि कोरोना के कारण देश में जो हालात पैदा हो गए हैं उसकी बुनियाद में मोदी सरकार के कुप्रबंधन हैं और अब स्थिति दिन प्रतिदिन नियंत्रण से बाहर हो रही है। श्रीमती गांधी ने शनिवार को कोविड-19 से निपटने के प्रयासों की समीक्षा के लिए आयोजित कांग्रेस शासित राज्यों और कांग्रेस के गठबंधन वाली राज्य सरकारों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में कहा कि मोदी सरकार ने कोरोना की लड़ाई में अपने कुप्रबंधन का परिचय दिया है। सरकार ने कोविड के फैलाव की स्थिति में प्रबंधन सही नही किया। देश में टीके की कमी है लेकिन इसका निर्यात किया जा रहा है जबकि कई राज्यों से इसकी शिकायतें भी आ रही हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच मुख्य विपक्षी दल के रुप में कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि पार्टी इससे संबंधित मुद्दों को उठाएं और सरकार को प्रचार के हथकंडों से हटकर जनहित के मुद्दों पर काम करने के लिए मजबूर करें। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पारदर्शिता के साथ और प्रचार के हथकंडे अपनाने की बजाय साफ नियत के साथ काम करने की जरूरत है।

किसान आंदोलन | दिल्ली की सीमाओं पर हजारों किसानों ने शनिवार सुबह केजीपी-केएमपी एक्सप्रेस-वे पर जाम लगा दिया

किसानों ने लगाया जाम, सरकार ने की बातचीत की पेशकश

सोनीपत/नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्र सरकार के तीन कृषि सुधार कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलनरत हजारों किसानों ने शनिवार सुबह केजीपी-केएमपी एक्सप्रेस-वे पर जाम लगा दिया जबकि सरकार ने कोरोना संकट को देखते हुए किसान संगठनों से आंदोलन वापस लेने की पेशकश की है।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कोरोना संकट को देखते हुए किसान संगठनों से आंदोलन वापस लेने का शनिवार को अनुरोध करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ÷किसानों के मन में असंतोष नहीं है। जो किसान संगठन इन बिलों के विरोध में हैं, उनसे सरकार बातचीत के लिए तैयार है। मैं किसान संगठनों से आग्रह करूंगा कि वे अपना आंदोलन स्थगित करें, अगर वे बातचीत के लिए आएंगे तो सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।÷

उल्लेखनीय है कि किसान संगठन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर लंबे समय से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं। आज से उन्होंने अपना आंदोलन तेज करने का निर्णय किया है।

श्री तोमर ने कहा कि जब किसान संगठनों से बातचीत चल रही थी, उस समय भी उन्होंने कोविड संकट को लेकर आंदोलन में शामिल बुजुर्ग और बच्चों को घर भेजे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना संकट को देखते हुए किसान आंदोलन वापस लें : तोमर

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कोरोना संकट को देखते हुए किसान संगठनों से आंदोलन वापस लेने का शनिवार को अनुरोध करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है। श्री तोमर ने ट्वीट कर कहा, किसानों के मन में असंतोष नहीं है। जो किसान संगठन इन बिलों के विरोध में हैं, उनसे सरकार बातचीत के लिए तैयार है। मैं किसान संगठनों से आग्रह करूंगा कि वे अपना आंदोलन स्थगित करें, अगर वे बातचीत के लिए आएंगे तो सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि किसान संगठन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर लंबे समय से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं।

भारत और जापान के बीच हो सकती है टू प्लस टू वार्ता

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और जापान दोनों देशों के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों के बीच इस महीने टू प्लस टू वार्ता के आयोजन की योजना पर काम कर रहे हैं। जापान के लोक प्रसारक एनएचके ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा, संभावना है कि वार्ता के दौरान दोनों देश रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और अधिक घनिष्ठ बनाने के उपायों पर चर्चा करेंगे। वार्ता में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयंशकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा जापान की ओर से उनके समकक्ष मोटेगी तोशिमित्सु और किशी नोबुओ हिस्सा लेंगे। इस सप्ताह के शुरू में क्योडो न्यूज सर्विस ने कहा था कि प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दो साल पहले हुई थी पहली वार्ता

यह दोनों देशों के बीच दूसरी टू प्लस टू वार्ता होगी । पहली वार्ता दो वर्ष पहले हुई थी। दोनों देश क्वाड का भी हिस्सा हैं जिसमें ये दोनों अमेरिका और आस्ट्रेलिया के साथ शामिल हैं। क्वाड चीन के बढते आर्थिक और सैन्य प्रभाव का मुकाबला करने वाले एक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। चारों देशों ने पिछले वर्ष नौसैनिक अभ्यास मालाबार में भी हिस्सा लिया था।

न्यूज गैलरी

कोरोना कहर के बीच रिसाली निगम की कठोर कार्यवाही, प्रतिबंधित सामाग्री बेचने पर दुकान हुई सील

रिसाली (नव प्रदेश)। प्रदेश सहित जिले में तेजी से पांव पसार चुके वैश्विक महामारी कोविड-19 की रोकथाम व नियंत्रण के लिए कलेक्टर गाइड लाइन का अवहेलना किये जाने पर आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर निगम की उड़नदस्ता टीम ने शहर की संभ्रात कालोनी तालपुरी के पारिजात ब्लाक ए 91/डी में दबिश देकर मकान मालिक डी कृष्णाराव व उनकी पत्नी द्वारा स्वयं के मकान में किराना सामान व प्रतिबंधित सामाग्री गुटखा, सिगरेट सहित अन्य नशीली चीजे नियम विरूद्ध बेचे जाने पर दुकान को 15 दिनों के लिए सील कर 5000 रूपए की दण्डनीय कार्यवाही की गई। इस दौरान बिना मास्क के सामान खरीदने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने पर ग्राहकों से भी 400 रूपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया तथा कोरोना नियमों का पालन करने की सख्त समझाईश दी गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम, रामेश्वर निषाद, पंकज भगत, टेमन देशमुख, जीवन पटेल आदि उपस्थित थे।

जैन समाज की टीम लॉकडाउन में दे रही सेवाएं

दुर्ग (नव प्रदेश)। जैन समाज की सेवा भावी कार्यकर्ताओं की टीम आज दुर्ग नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पूरी सेवा भाव के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। संघ के अध्यक्ष निर्मल बाफना, टीकम छाजेड़ ,नवीन संचेती ,राकेश संचेती के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में युवाओं की टीम इस सेवा कार्य को अंजाम दे रही हैं। आज लगभग 50 थाली भोजन जैन समाज दुर्ग के घर घरों तक पहुंचाने निकली। आज की टीम में श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल दुर्ग के सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की प्रमुख रुप टीकम छाजेड़ अमित बाघमार अनिकेत संचेती प्रकाश कांकरिया नितिन संचेती पंकज बेगानीआशीष संचेती अमित पारख आशीष कांकरिया सुरेश चोपड़ा सचिन वैद्य, इन कार्यकर्ताओं के सेवा भावना की जैन समाज के सभी वर्ग के लोग इस कार्य की तारीफकरते हुए उन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अनुमोदना कर रहे हैं। इस अनुकरणीय कार्य में जीव दया ग्रुप के सदस्य भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं प्रतिदिन शाम के भोजन छोड़ने की जवाबदारी जीव दया ग्रुप के नीरज लुनावत अमित बाफना महेश पारख प्रवेश पारख प्रफुल्ल चोपड़ा राहुल कोचर ली है।

अब शादी,तेरहवीं, अंत्येष्टि व कार्यक्रमों में अधिकतम 20 लोगों को अनुमति

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिले में कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु शादी, तेरहवीं, अंत्येष्टि एवं अन्य कार्यक्रम हेतु कार्यालय अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग से पूर्व में जो अनुमति जारी गई थी, जिसके अनुसार 50 लोगों को शामिल होने की अनुमति दी गई थी, जिसे संशोधित कर अब अधिकतम 20 लोग कर दिया गया है। अतः 20 लोगों के साथ पूर्व में जारी अनुमति प्रभावशील होगी।

दुकान खोलकर घर से ही बेच रहे थे, किराना सामान, 1000 रु. लगा जुर्माना

दुर्ग (नव प्रदेश)। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के आदेश एवं निगमायुक्त श्री हरेश मंडावी के निर्देश पर शहर में लॉक डाउन का नियमों का पालन नहीं करने वालो पर लगतार कार्रवाही की जा रही है । इस दिशा में बैगापारा और शक्ति नगर के जागरूक नागरिकों की शिकायत पर निगम का अमला मौके पर पहुंच कर तत्काल कार्यवाही किये। लॉकडाउन में पूरा शहर बंद है, परन्तु बैगापारा का दीपिका किराना एवं शक्ति नगर का दुर्गा किराना स्टोर्स और एक ही होने के कारण आस--पास के लोगों को घर से ही बेच रहे थे । इसकी सूचना आयुक्त को मिलते ही सूचना पर निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुची और किराना दुकानदारों पर 1000--1000 रु. जुर्माना लगाया । सामान बेचना व्यवसायियों को महंगा पड़ गया ।

निधन

आलमगीर

भिलाई (नव प्रदेश)। 7/डी, सड़क नंबर 8, सेक्टर-01 निवासी 53 वर्षीय आलमगीर का 9 अप्रैल को रात 9.30 बजे इंतकाल हो गया। 10 अप्रैल की दोपहर 1.30 बजे उन्हें रामनगर केम्प-1 कब्रिस्तान में सुपर्देखाक किया गया। वे जहांगीर के छोटे भाई, आरिफ़सारा के पिता व जाहिद-शाहिद के चाचा थे।

पी सी सरकार

भिलाई (नव प्रदेश)। अंग्रेजी दैनिक हितवाद के वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत सरकार के पिता श्री पी सी सरकार का शनिवार को निधन हो गया। 83 वर्ष की आयु में उन्होंने रायपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। सिंधिया नगर, दुर्ग निवासी भूतपूर्व बी एस पी कर्मी स्व पी सी सरकार पिछले कुछ समय से बीमार थे। वे सुशांत सरकार, प्रशांत सरकार के पिता, आनंदिता, अनिता के ससुर एवं इप्सिता, प्रोनिता, प्रोनय के दादा थे।

श्रीमती भाग रानी ठाकुर

भिलाई (नव प्रदेश)। नेहरू नगर (पूर्व) निवासी कमल स्वरूप ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती भाग रानी ठाकुर का 76 वर्ष की आयु में अप्रैल 08 को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सिद्धिविनायक गणेश मंदिर नेहरू नगर के महिला मंडल की अध्यक्ष थीं। वे पवन ठाकुर, राकेश ठाकुर, स्नेहलता ठाकुर की माता, लक्ष्मी ठाकुर एवं अलका ठाकुर की सास एवं अंकिता, अक्षय, प्रिया, प्रियंका एवं प्रियांशु की दादी थीं।

गौकरण नायक

भिलाई (नव प्रदेश)। भिलाई स्टील प्लांट में कार्यरत गौकरण नायक (56) का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। ओटेबंद निवासी नायक के परिवार में एक पुत्री दिव्या नायक और पिता बीरबल नायक हैं। दिवंगत नायक की माता स्व. दुखनि बाई और पत्नी स्व. सुषमा नायक थीं।

1112 कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए पात्र माना गया

बीएसपी माइन्स ने भी कोविड-19 से बचाव हेतु कसी कमर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने संयंत्र के साथ-साथ माइन्स के अपने कर्मचारियों और उनके परिजनों की सुरक्षा और भलाई के लिए अनेक कदम उठाये है। माइन्स बिरादरी के सुरक्षा के लिए संयंत्र प्रबंधन सदैव ही प्रतिबद्ध रहा है। बीएसपी प्रबंधन ने कोविड संकट के दौरान भिलाई के टाउनशिप में रह रहे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल के समुचित प्रबंध के साथ ही अपने कैप्टिव माइंस में कार्यरत कार्मिकों के कोविड से बचाव हेतु आवश्यक प्रबंध को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। वर्तमान दौर में राजहरा माइन्स, नंदिनी माइन्स और हिर्री माइन्स में महामारी से निपटने के लिए तथा कोविड-19 की चुनौती से जूझने के लिए बीएसपी प्रबंधन ने कई उपाय किये है। राजहरा के 1112 कर्मचारियों और उनके आश्रितों को 45 वर्ष से ऊपर के टीकाकरण के लिए पात्र माना गया है, जिनमें से 690 व्यक्तियों को पहले ही टीका लगाया जा चुका है। इसी प्रकार नंदिनी माइंस में, 171 व्यक्तियों के लक्ष्य के साथ 01 अप्रैल, 2021 से 30 कर्मचारियों को टीका लगाया जा चुका है। इसी क्रम में हिर्री माइन्स के 77 व्यक्तियों में से 25 व्यक्तियों को टीका लगाया गया है। राजहरा की खानों, नंदिनी खानों और हिर्री खानों में 45 साल से ऊपर के लोगों का एक डेटाबेस तैयार किया गया। बीएसपी प्रबंधन ने अपने माइन्स टाउनशिप में रहने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए निरन्तर सभी प्रयास कर रहा है। टीकाकरण केन्द्र के संचालन हेतु सरकार को आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया है। साथ ही लोगों को कोविड टीकाकरण हेतु प्रेरित व निर्देशित किया है। माइन्स के कार्मिकों व उनके परिजनों को नंदिनी माइन्स के अहिवारा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हिर्री माइन्स के चकरभाटा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टीका लगाया जा रहा है।

डॉ एस के इस्सर, ईडी (एम एंड एचएस) के मार्गदर्शन और नेतृत्व में विभिन्न माइन्स में कोविड सेटअप का संचालन किया जा रहा है। इसमें डॉ मनोज डहरवाल, ज्वाइंट डायरेक्टर (एम एंड एचएस), राजहरा, श्री सत्येंद्र कुमार, डीजीएम (सुरक्षा और प्रशिक्षण), राजहरा, डॉ आनंद मोहन विश्वकर्मा, चिकित्सा अधिकारी (नंदिनी) और डॉ अशोक कुमार, सिनियर डिप्टी डायरेक्टर, हिर्री माइन्स की स्टाफ नर्स सुश्री रेनू बाला पॉल और सुश्री सविता मसीह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्व-सहायता समूह द्वारा मास्क की सिलाई करने के साथ ही भिलाई महिला समाज से दस्ताने की खरीद व वितरण भी किया है।

लॉकडाउन में बेच रहे थे सामान, निगम ने लगाया 9650 जुर्माना

■ **निगम की टीम लगातार कर रही है मॉनिटरिंग**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। बढ़ते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए लॉकडाउन के नियमों का सख्ती से पालन आवश्यक है। निगम की टीम ने आज वैशालीनगर, स्मृतिनगर, सुपेला बाजार, नंदीनी रोड, नेहरू नगर, कोसानगर, राधिका नगर, अंडा चौक, शास्त्रीनगर सहित भिलाई निगम के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किए और लॉकडाउन की अवहेलना करने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया तथा आवश्यक सेवाओं वाली दुकान पर भीड़ न लगे इसकी भी समझाइश दी। लॉकडाउन से छूट वाले कुछ जगह भीड़ पाए जाने वाले स्थान पर क्रमबद्ध दूरी बनाकर सामान देने समझाईश दी। इसके अलावा सामग्री ले जाने वाले वाहन में बिना मास्क के अधिक लोग बैठाकर ले जाते हुए पाए जाने पर भी अर्थदण्ड वसूला गया। भिलाई निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर निगम की टीम शहर के सभी प्रमुख बाजारों का निरिक्षण कर रही है! तथा लॉकडाउन के आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रहे है, घनी आबादी वाले गली, मोहल्लों में दुकान न खुल पाए इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है! निगम की टीम सभी क्षेत्रों में घूम-घूम कर निरीक्षण कर रहे है ताकि लोग अनावश्यक न निकले। निरीक्षण के दौरान पांच लोगों से 9650 रूपये अर्थदण्ड वसूलने की कार्रवाई की गई। निगम क्षेत्र के नेहरू नगर के वाई रेहरे कीचन खुला पाया जिनसे 3000 हजार रूपए, मिलन चौक राधिका नगर के क्षीर सागर होटल संचालक द्वारा दुकान का आधा सटर खोलकर सामान देते हुए पाए जाने पर 5000 हजार रूपये, दो जगह दुकान का शटर आधा खोलकर सामान देते हुए पाए जाने पर तत्काल बंद कराया गया।

सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ जनता में आक्रोश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी ने दुर्ग जिला में चिकित्सा व्यवस्था की बदहाली के लिए जिला के सभी विधायकों, मंत्री व मुख्यमंत्री को दोषी ठहराते हुए कहा कि अब दुर्ग भिलाई सहित पूरे दुर्ग जिला की जनता का विश्वास मुख्यमंत्री सहित समस्त निर्वाचित विधायकों से उठ गया है।

कोविड की जीवन रक्षक दवा रेमडेसेवीर इंजेक्शन की भारी किल्लत व क्रिटिकल मरीजों के ईलाज के लिए अस्पतालों में वेंटिलेटर की अनुपलब्धता से दुर्ग जिला की जनता में सरकार के खिलाफभारी आक्रोश व्याप्त हो गया है जो किसी भी दिन जन आंदोलन बन कर फूट पड़ेगा। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पीएचई मंत्री का गृह निर्वाचन क्षेत्र होते हुए भी कोविड के गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। जिला अस्पताल व अन्य शासकीय अस्पतालों में वेंटिलेटर की कमी व अनुपलब्धता के कारण गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को जबरदस्त आर्थिक बोझ झेलते हुए प्रायवेट अस्पतालों में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिंदगी भर की जमा पूंजी खर्च करने के बाद भी कई घर उजड़ जा रहे हैं पर कोई भी सरकारी मदद या मँहगे ईलाज के खर्च में छूट नहीं मिल रही है। पूरी जनता खून के आंसू रोने को मजबूर है पर सरकार में शीर्ष पर बैठे मुख्यमंत्री दुर्ग जिला को मात्र एक करोड़ रुपये की राशि जारी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री मान लिए हैं।

निरीक्षण पर शंकराचार्य कोविड 19 हॉस्पिटल पहुंचे कमिश्नर

दुर्ग (नव प्रदेश)। शंकराचार्य कोविड-19 हॉस्पिटल कमिश्नर श्री हरेश मंडावी द्वारा निरीक्षण के दौरान मरीजों से फोन पर बात कर उनके स्वस्थ्य बारे में पूछा,फोन पर मरीजों ने बताया कि मैं बहुत अच्छा हूँ यहां इलाज अच्छा हो रहा है, कमिश्नर ने हॉस्पिटल में साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। हॉस्पिटल की साफ सफाई एव अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने आज निगम कमिश्नर श्री हरेश मंडावी ने नोडल अधिकारी श्री प्रकाश चंद थावनी,स्वास्थ्य अधिकारी श्री दुर्गेश गुप्ता एव डॉक्टर श्री बसंत के साथ आज औचक निरीक्षण पर पहुंचे।कमिश्नर ने कहा कि हर घंटे सफाई की व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें।उन्होंने कहा कि पानी बिजली की व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग हो। शंकराचार्य कोविद 19 हॉस्पिटल की साफ सफाई की स्थिति जानी।

पानी की समस्या से निजात दिलाने लॉकडाउन में भी कार्य प्रगति पर

पेयजल व्यवस्था बेहतर बनाने युद्ध स्तर पर किया जा रहा है कार्य

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र के कुछ वार्ड एवं मोहल्ले में ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या खड़ी हो जाती है! जहां कुछ क्षेत्रों में पानी का टैंकर भी भेजना पड़ता है! कई जगह पानी की सप्लाई एवं प्रेशर कम होती है! इन क्षेत्रों को चिन्हित कर पानी का प्रेशर बढ़ाने एवं जल प्रदाय करने के उद्देश्य से पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है! पावर हाउस चौरसिया होटल एवं सीएससी कार्यालय के समीप कार्य किया जा रहा है! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जल विभाग के अधिकारियों ने कार्य का निरीक्षण किया! वहीं मदर टैरेसा नगर क्षेत्र में जल प्रदाय करने के लिए काफी कार्य हो चुकी है! मदर टैरेसा नगर के कई मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है! शारदा पारा न्यू संजय टेंट हाउस, शिवाजी चौक, राष्ट्रीय विद्यालय से पप्पू चौक, अशोक गुप्ता के घर के समीप से शुभम होटल तक, खजूर लाइन, सुनील किराना स्टोर के सामने से एक काली मंदिर तक, शांति पारा चौक से 10 बिस्तर अस्पताल तक, बापू चौक से सुलभ के सामने तक, कर्मा भवन से हरी होटल तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है! वार्ड क्रमांक 22 श्याम नगर, वार्ड क्रमांक 23 रविदास नगर, वार्ड क्रमांक 24 शारदा पारा एवं वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा में जल प्रदाय की समस्या से निजात दिलाने के लिए पाइपलाइन का कार्य किया जा रहा है! नए एवं पुराने पाइपलाइन को भी इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है! साथ ही नल कनेक्शन करने का कार्य किया जा रहा है!

निगम द्वारा सामाजिक जनों से समन्वय बनाकर करवाया जा रहा टीकाकरण

अग्रवाल समाज के सहयोग से 100 लोगों को लगाया गया कोविड का टीका

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। निगम द्वारा सामाजिक जनों एवं अन्य से समन्वय बनाकर कोविड का टीका लगाया जा रहा है! आज न्यू खुर्सीपार के अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के अलावा अन्य लोगों को कोविड का टीका लगाया गया! अग्रसेन भवन में 100 लोगों ने टीका लगवाया! इस दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर मौजूद रहे! टीकाकरण के लिए सामाजिक जनों का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है! इसी का नतीजा है कि लोग टीकाकरण के लिए प्रेरित होकर केंद्रों में पहुंच रहे हैं! कोरोना संक्रमण की रोकथाम में समाजिक समाजिक जनो का भरपूर सहयोग मिल रहा है! टीकाकरण के लिए समाज अपने स्वयं के भवन भी उपलब्ध करा रहे हैं! साथ ही केंद्रों तक पहुंचने के लिए सभी से संपर्क भी कर रहे हैं! समाजिक जन स्वयं वॉलिंटियर की नियुक्ति कर व्यवस्था भी बना रहे हैं! वार्ड क्रमांक 32 न्यू खुर्सीपार में निगम एवं अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रसेन भवन में टीकाकरण लगाने के लिए कैंप लगाया गया, जहां 45 वर्ष एवं अधिक उम्र के लोग टीका लगवाने पहुंचे थे! समाज के द्वारा बैठक एवं पेयजल व्यवस्था का इंतजाम किया गया था! उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर भिलाई में कोविड टीकाकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

कार्यालय रहेंगे बंद, घर से काम करेंगे कर्मचारी

कोरबा (नव प्रदेश)। जिले के सभी केन्द्रीय, शासकीय, अर्द्धशासकीय और अशासकीय, सार्वजनिक एवं बैंक कार्यालय लॉकडाउन की अवधि में बंद रहेंगे। टेलिकॉम, रेलवे संचालन एवं रखरखाव से जुड़े कार्यालय वर्कशॉप, रेक पॉइंट पर लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य खाद्य सामग्री के थोक परिवहन, धान मिलिंग के लिए परिवहन संचालित होंगे। कलेक्टोरेट, एसपी आफिस, एडीएम कार्यालय, एडिशनल एसपी कार्यालय, डीएसपी कार्यालय, कोषालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, सभी ब्लाक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, सभी एसडीएम आफिस, तहसील एवं पुलिस थाना तथा चैकियां इस प्रतिबंध से अलग रहेंगी।

रिसाली निगम क्षेत्र में कोई भी भूखा न सोये यह देखने रात में अचानक निरीक्षण करने निकले निगम आयुक्त

रिसाली (नव प्रदेश)। जिले में लागु लॉकडाउन के मद्देनजर रिसाली निगम क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए इस उद्देश्य से रिसाली निगम ने फूड सेल का गठन किया गया है। फूड सेल की टीम श्रमिक बस्तियों व सड़क किनारे रहने वाले बेघरबार व जरूरत मंदो के बीच वार्डो में पहुंचकर तथा पतासाजी कर निरंतर वार्ड वासियों से जीवंत सम्पर्क बनाये हुए है। कल रात में इस काम को देखने के लिए निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे व निगम के नोडल अधिकारी रमाकांत साहू अचानक स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा, रिसाली बस्ती, स्टेशन मरोदा के रेलवे स्टेशन, मैत्री गार्डन चैक इलाके में पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों से बातचीत की एवं सभी को लॉकडाउन अवधि में घर में ही रहने की सलाह भी दिये।

कोविड-19 के फैलाव के रोकथाम हेतु रिसाली निगम क्षेत्र में हर मोर्चे पर अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम तैनात की गई। इसकी मॉनिटरिंग खुद आयुक्त लगातार कर रहे है। ऐसा कोई दिन नही छोड़ रहे है जब वे अचानक किसी साइड का निरीक्षण करने नही गये हो। विकास कार्यो के अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था, कोविड-19 से जुड़ी सभी गतिविधिया, वैक्सीनेशन सेंटरों का प्रतिदिन निरीक्षण कर शाम को कार्यालय में कोविड-19 की समीक्षा बैठक सहित रात्रि में भी लॉकडाउन क्षेत्र के व्यवसायिक स्थलों का निरीक्षण करने के साथ साथ नियम निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश भी अधिकारियों को दे रहे है।

नये वैक्सीनेशन सेंटर का आयुक्त व नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

रिसाली निगम क्षेत्र के स्टेशन मरोदा सूर्यानगर स्लम क्षेत्र में पूर्व पार्षद के कार्यालय में नये वैक्सीनेशन सेंटर का आज आयुक्त व निगम के नोडल अधिकारी ने व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान आयुक्त श्री सर्वे ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व जागरूप लोगों से ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीनेशन सेंटर में टीकाकरण हेतु पहुंचाने की भी अपील किये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सेंटर के वेटिंग रूम का भी अवलोकन किया व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद नरेश कोठारी, श्याम वर्मा सहित क्षेत्र के जागरूप नागरिक उपस्थित थे।

पाटन में कोविड नियंत्रण पर कलेक्टर ने की समीक्षा

ट्राइबल होस्टल में आरम्भ होगा 25 बेड का कोविड केअर सेंटर

■ **लक्षण वाले मरीजों के चिन्हांकन के लिए पहले की तरह ही चलता रहेगा सघन सर्वे, लक्षणों के आधार पर तत्काल प्रेजम्प्टिव ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाएगा**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज पाटन ब्लाक में कोविड नियंत्रण के चल रहे कार्यो की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिन मरीजों को होम आइसोलेशन में रहने में असुविधा है, उनके लिए 25 बेड का कोविड केअर सेंटर पाटन के ट्राइबल होस्टल में आरम्भ करें। उन्होंने कहा कि जिन गांव में कोविड के अधिक मरीज आ रहे हैं वहां कंटेंटमेंट बनाकर व्यापक सर्वे का कार्य कर लक्षण वाले मरीजों का चिन्हांकन करें। कलेक्टर ने वैक्सीनेशन कार्य की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि फ्लिहाल 45 वर्ष से अधिक के 70 प्रतिशत से अधिक लोगों का टीका हो चुका है। लगभग 40 हजार लोगों को टीका लग चुका है और अभी 15000 लोगों को टीका लगाया जाना शेष है। कलेक्टर ने व्यापक मुहिम चलाकर टीकाकरण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय अमला मिलकर सघन अभियान छेड़े तथा टीकाकरण कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में एक पल्स ऑक्सीमीटर तथा साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास के पल्स ऑक्सीमीटर से लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर इनका प्रिजप्टिव ट्रीटमेंट आरंभ कर दिया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में कोविड के अधिक मामले आ रहे हैं उन्हें कंटेनमेंट जोन बनाने पर भी बैठक में चर्चा हुई। इसके अलावा शिक्षा विभाग का अमला भी लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेगा, साथ ही कोविड अनुकूल व्यवहार के संबंध में भी लोगों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसके साथ ही काढ़े का भी वितरण किया जाएगा ताकि लोगों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री सच्चिदानंद आलोक, एसडीएम श्री विपुल गुप्ता, बीएमओ डॉ. आशीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

कोविड-19 टीकाकरण : पूछे जाने वाले प्रश्न और उनके उत्तर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर जिले में कोरोना की रोकथाम और बचाव के लिए कोविड वैक्सिनेशन पर काफी जोर दिया जा रहा है। जिले में अब तक लगभग साढ़े 3 लाख से अधिक लोगों को टीका का पहला डोज लग चुका है। इसमें से लगभग 45 हजार से अधिक ऐसे नागरिक है जिन्हें वैक्सिन का दोनों डोज लग गया है। यह जरूरी है कि 45 वर्ष की उम्र से उपर के सभी लोग टीका लगवाएं। रायपुर जिले के मेडिकल कालेज, एम्स, जिला चिकित्सालय, सिविल चिकित्सालय माना, शहरी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ साथ 291 वैक्सिनेशन सेंटर में यह वैक्सिन लग रहा है। शासकीय चिकित्सालयों में यह निशुल्क लगाया जा रहा है। लॉक डाउन अवधि में भी टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है।

यह वैक्सिन सुरक्षा चक्र को मजबूत बनाती है। कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्न और उनके उत्तर निम्नानुसार है-

प्रश्नः कोविड-19 के टीके प्राप्त करने के लिए कौन पात्र हैं?

उत्तर- ऐसे नागरिक जो 1 जनवरी 2022 को 45 वर्ष की आयु के होंगे या जिनका जन्म 31 दिसंबर 1978 के पहले जन्म लेने वाले सभी लोग।

प्रश्नः क्या कोविड-19 से संक्रमित व्यक्ति के लिए वैक्सीन लेना आवश्यक है?

उत्तर- पूर्व में कोविड-19 संक्रमण होने के बावजूद कोविड-19 वैक्सीन का पूरा शेड्यूल प्राप्त करना उचित है। यह बीमारी के खिलाफरोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाने में मदद करेगा।

प्रश्नः पात्र लोगों को कौन से कोविड-19 टीके उपलब्ध होंगे? क्या मैं चुन सकता हूं कि कौन-सा टीका लेना है?

उत्तर- अभी भारत में दो प्रकार के टीके उपलब्ध हैं- कोविशिल्ड और कोवैक्सीन। आपको दोनों में से कोई एक टीका लगाया जाएगा लेकिन आप नहीं चुन सकते कि आप कौन-सा टीका लगवाएंगे। आपको कौन-सा वैक्सीन दिया जाएगा, इसका निर्णय आवंटन के अनुसार वैक्सीन प्रदाता द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान भी, वैक्सीन विकल्प नहीं दिया जाएगा।

प्रश्नः मुझे कितने टीके लगवाने हैं?

उत्तर- आपको निर्धारित अंतराल पर वैक्सीन की 2 खुराक लेनी होगी। आपको एक ही वैक्सीन की दोनों खुराक मिलेगी

प्रश्नः मुझे वैक्सीन कहां से मिल सकती है?

उत्तर- वैक्सीन सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं से अधिसूचित के रूप में उपलब्ध होगी। यह स्वास्थ्य केंद्र कोविड टीकाकरण केंद्रों (बअब) के रूप में जाने जाते हैं।

प्रश्नः कौन-सी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं को कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों के रूप में नामित किया जाएगा, जो मुझे वैक्सीन प्रदान करेंगे?

उत्तर- छत्तीसगढ़ में सभी सरकारी एवं चुनिन्दा प्राइवेट अस्पतालों में कोविड-19 का टीकाकरण किया जाएगा। इनमें सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, प्रमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और चयनित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप-केंद्र शामिल हैं। सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में केंद्रीय संस्थान, अन्य मंत्रालयों की स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे रेलवे और सभी सीजीएचएस डिस्पेंसरियां भी शामिल होंगी (सुविधा निःशुल्क होगी)।

- प्राइवेट अस्पताल जो आयुष्मान भारत के अंतर्गत आते हैं और सीजीएचएस से एम्पैनल्ड अस्पताल हैं उन्हें इस सूची में रखा गया है (अधिकतम 250 रूपए के शुल्क के साथ)। इन अस्पतालों को निजी सीवीसी बनने के लिए कुछ तकनीकी मानदंडों को पूरा करना चाहिए। कृपया अपने स्थानीय सरकार के स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता से निकटतम सरकारी सुविधा के बारे में पूछे, जहां टीका उपलब्ध होगा, ताकि आप अपना पसंदीदा सीवीसी चुन सकें। सीवीसी को चुनने की सलाह दी जाती है जो आपके निवास के पास है।

प्रश्नः क्या मुझे वैक्सीन लेने के लिए खुद को पंजीकृत करना होगा?

उत्तर-हां, कोविड-19 टीकाकरण के लिए पंजीकरण आवश्यक है।

- आप या तो खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कर सकते हैं और टीकाकरण के लिए अपॉइंटमेंट सकते हैं।
- अपने आप को काकरण केंद्र (ब्टब् ऑन-साइट) पंजीकृत करें, बुकिंग प्राप्त करें उर्स दिन टीका लगवाएं।
- उन लोगों के लिए जो पहले से ही पहली खुराक प्राप्त कर चुके हैं दूसरी खुराक की निति सिस्टम द्वार अपने आप निर्धारित की जाएगी। फिर से पंजीकरण क आ नहीं है।

प्रश्नः टीकाकरण के लिए नियुक्त होने के लिए मैं खुद को ऑनलाइन कैसे पंजीकृत करू?

- कोविड-19 टीकाकरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण httpsÑ//selfregistration.cowin.gov.in या फिर अपने मोबाइल पर आरोग्य सेतु ऐप के द्वारा कर सकते हैं।
- आपको अपने बारे में कुछ बुनियादी जानकारी देनी होगी साथ ही अपने आप को ऑनलाइन पंजीकृ करने के लिए टीकाकरण के सनय उपयोग किए जाने वाले फोटो आईडी कार्ड की जानकारी।
- एक मोबाइल फोन नंबर से 4 व्यक्तियों का पंजीकरण कराया सकता है, परंतु प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने फोटो एवं पहचान दस्तावेज की आवश्यकता होगी।
- ऑनलाइन पंजीकरण से आप अपनी पसंद के अनुसार अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए उपलब्ध टीकाकरण केंद्रों की सूची और उपलब्ध टीक स्लॉट की तारीखें एवं समय का पता लगा सकते हैं। आपको पंजीकरण से पहले एक ओटीपी सत्यापन की आवश्यकता होगी और पंजीकरण के बाद एक पुष्टि पर्ची/टोकन उत्पन्न होगा। आपको बाद में एक पंजीकरण के लिए एसएमएस भी मिलेगा।
- सरकारी अस्पतालों के लिए, ऑनलाइन पंजीकरण, समय स्लॉट और ऑन-साइट पंजीकरण लिए स्लॉट का अनुपात उपलब्ध होगा।
- टीकाकरण केंद्र के लिए किसी भी तारीख के समय स्लॉट के लिए ऑनलाइन बुकिंग को एक दिन पहले दोपहर 12 बजे बंद कर दिया जाएगा।

प्रश्नः अगर मैं खुद को ऑनलाइन पंजीकृत नहीं कर सकता हूं, तो मैं मौके पर कैसे पंजीकरण कर सकता हूं और टीकाकरण करवा सकता हूँ?

उत्तर- जी हां जो लोग खुद का ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कर सकते हैं, वे स्थानीय सरकार के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सकते हैं, जो लाभार्थियों को ऑन-साइट पंजीकरण, टीके की बुकिंग, सत्यापन और टीकाकरण के लिए किसी भी सरकारी सीवीसी में आने में मदद करेंगे। टीका लगवाने के लिए जापको एक फोटो एवं पहचान दस्तावेज ले जाना होगा। सरकार सीवीसी में कार्यकर्ता आपको मौके पर पंजीकरण करने, नियुक्ति पाने और उसी दिन टीकाकरण करने में मदद करेंगे।

प्रश्नः ऑनलाइन पंजीकरण और ऑन-साइट पंजीकरण के लिए कौन-से फोटो-पहचान दस्तावेज लागू हैं? क्या मुझे वहीं टीकाकरण के लिए ले जाने होंगे?

उत्तर- ऑनलाइन पंजीकरण के लिए, आपको निम्नलिखित फोटो आईडी कार्ड में से किसी एक की आवश्यकता होगी। आधार कार्ड/पत्र, पासपोर्ट, पैन कार्ड, चुनावी फोटो पहचान पत्र (म्च्ब्), एनपीआर स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, फोटोग्राफके साथ पेंशन दस्तावेज। जब आप टीकाकरण केंद्र में जाते हैं, तो आपको पंजीकरण के समय उपयोग की गई फोटो आईडी कार्ड साथ ले जाना होगी। आपको वह मोबाइल फोन भी रखना होगा जिसके द्वारा आपने अपना पंजीकरण कराया था।

प्रश्नः मुझे दूसरी खुराक कैसे मिलेगी?

उत्तर- जिस कोविड-19 टीकाकरण केंद्र पर आपको पहली खुराक मिली है वहीं पर आपको निर्धारित अंतराल के बाद दूसरी खुराक मिलेगी और इसके लिए आपके पंजीकृत फोन नंबर पर एक एसएमएस भी आएगा। पहली खुराक से 29वें दिन से 42वें दिन की अवधि समय में स्लॉट, दिवस या टीकाकारण केंद्र को बदलने के लिए आपके पास मौका होगा. परंतु यह तभी संभव होगा यदि-

- पहली खुराक आपको प्राप्त हो चुकी है।
- आप दूसरी खुराक के लिए ऐसे ही टीकाकरण केंद्र चुन पाएंगे जहां वैक्सीन का प्रकार वैसा ही है जैसा आपको पहली खुराक मिली थी।
- विशेष आरक्षित 2 डोज स्लॉट सिस्टम द्वारा ऐसे लाभार्थियों को विकल्प प्रदान करने के लिए रखा जाएगा जो पहली खुराक के मिलने के 29वें दिन से 42वें दिन की अवधि के लिए दूसरी डोज के लिए टीकाकरण का लाभ उठाने में सक्षम नहीं हैं।

प्रश्नः क्या मैं बाद में ऑनलाइन पंजीकरण विवरण में कुछ विवरण बदल/सुधार सकता हूँ?

उत्तर- टीके की पहली खुराक प्राप्त होने से पहले तक पंजीकरण में दिए गए विवरण बदले जा सकते हैं, टीके की खुराक प्राप्त होने के बाद कोई भी पंजीकरण का विवरण नहीं बदला जा सकता है।

प्रश्नः क्या मैं अपने टीके की बुकिंग को रद्द कर सकता हूँ?

उत्तर- हां, आप कर सकते हैं, लेकिन याद रखेंरू यदि आप पहली खुराक से पहले ही टीके की बुकिंग को रद्द करते हैं तो दोनों खुराक के लिए बुकिंग रह कर दी जाएगी। केवल दूसरी खुराक की बुकिंग को रद्द करने का विकल्प उपलब्ध नहीं होगा।

प्रश्नः क्या मुझे वैक्सीन के लिए भुगतान करना होगा?

उत्तर-सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं पर टीकाकरण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

- निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए, आपको अधिकतम रू. 250/- का भुगतान करना होगा।

प्रश्नः क्या ये टीके सुरक्षित हैं?

उत्तर- सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और वैक्सीन को मंजूरी देने के लिए पूर्व में की गई सभी मानक सावधानियों का इस मामले में भी पालन किया गया है। कोविशिल्ड और कोवैक्सीन दोनों सुरक्षित है।

प्रश्नः कोविड-19 वैक्सीन के संभावित प्रतिकूल प्रभाव क्या हैं?

उत्तर-जैसा कि अन्य टीकों के लिए सच है, कुछ प्राप्तकर्ता हल्के बुखार, इंजेक्शन की जगह पर दर्द, शरीर में दर्द आदि जैसे कुछ दुष्प्रभाव दिखा सकते हैं, किसी भी कोविड-19 वैक्सीन से संबंधित दुष्प्रभावों से निपटने के लिए टीकाकरण केंद्रों पर व्यवस्था होगी।

प्रश्नः क्या इन कोविड-19 टीकों के लिए कोई कॉन्ट्राइडिकेशन (टीका न लगाने के कारण) है?

- इन टीकों का पूर्ण रूप से किसी भी वैक्सीन या इसकी सामग्री से एलर्जी का इतिहास नहीं है।
- टीका किन्हें नहीं देना हैः- वे महिलाएं जो गर्भवती हैं या स्तनपान करने वाली माताएं हैं या वो महिला जो अपनी गर्भावस्था के बारे में निश्चित नहीं है।
- वह लोग 4-8 हफ्तों तक कोविड-19 टीकाकरण न करवाएं, जिन्हें कोविड-19 के सक्रिय लक्षण हैं, कोविड-19 रोग रह चुका है और उन्हें उपचार के लिए मोनोक्लोनल एंटीबोंडी या आक्षेपिक प्लाज्मा दिया गया है।
- साथ ही, अस्वस्थ और अस्पताल में भर्ती मरीजों को वैक्सीन नहीं लेनी चाहिए और इसे स्थगित करना चाहिए यह लोग पूर्ण रूप से ठीक होने के 4-8 सप्ताह बाद टीका ले सकते हैं।

प्रश्नःक्या कोई निवारक उपाय और सावधानियां हैं जिन्हें किसी को सत्र स्थल पर पालन करने की आवश्यकता है?

उत्तर- कोविड-19 टीका लेने के बाद आपको कम से कम आधे घटे तक टीकाकरण स्थल पर रुकना चाहिए। यदि कोई भी अप्रिय लक्षण या असुविधा हो तो तुरंत उसकी देखभाल हो। यदि इसके बाद भी कोई लाण हो तो वह निकटतम। छड या मितानिन कार्यकर्ता या स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी अन्य स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता को सूचित करें।

प्रश्नः वैक्सीन लेने के बाद, क्या मुझे अभी भी कोविड-19 उपयुक्त व्यवहारों का पालन करने की आवश्यकता है?

उत्तर- हां, टीका लेने के बाद भी, व्यकि को मास्क पहनने, हाथ धोने या बार-बार सफाई करने और 6 फोट की शारीरेक दूरी बनाए रखने जैसे कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार जारी रखने चाहिए।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने जन्मदिन की शुभकामना दी

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को आज उनके जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने फोन कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के दीर्घायु होने तथा सदैव स्वस्थ रहने की कामना की। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

राजस्व अधिकारियों की हुई नवीन पदस्थापना

रायपुर। कलेक्टर डॉ एस. भारतीदासन ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से राजस्व अधिकारियों को नवीन पदस्थापना में अस्थाई रुप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया है। इसमें श्रीमती सरिता मढ़रिया को तहसीलदार तिल्दा, श्रीमती मीना साहू अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, श्रीमती ज्योति सिंह नायब तहसीलदार, मंदिरहसौद, श्री प्रमोद गुप्ता प्रभारी नायब तहसीलदार धरसींवा, श्री प्रमोद शर्मा प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख के पद पर नवीन पदस्थापना की गई है।

अस्थाई आईसोलेशन/कोविड-19 निर्बाध संचालन के लिए सौपे गए दायित्व

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने वर्किंग वुमेन हॉस्टल, फुंडहर को अस्थाई आईसोलेशन/ कोविड-19 केयर सेंटर बनाने हेतु अधिग्रहीत किया है।सेंटर के व्यवस्थित एवं निर्बाध संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है । उन्होंने यहां के दायित्वों के निर्वहन के लिए चार पालियों में अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपा है।

राज्यपाल सुश्री उइके को केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, लोकसभा अध्यक्ष, प्रदेश के मंत्रीगण, ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को आंध्रप्रदेश के राज्यपाल श्री विश्व भूषण हरिचंदन, केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला, स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, उच्च शिक्षामंत्री श्री उमेश कुमार पटेल, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, नेता प्रतिपक्ष श्री धरम लाल कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, वरिष्ठ विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, लोकसभा सांसद श्री अरूण साव, राज्यसभा सांसद श्री रामविचार नेताम, राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय, सांसद श्री विजय बघेल, विधायक श्री मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री श्री अमर अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विष्णुदेव साय, महापौर श्री एजाज ढेबर, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न गणमान्य नागरिकों ने दूरभाष तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

होम्योपैथी के प्रति बढ़ रहा झुकाव, रोग प्रतिरोधक क्षमता को करती है मजबूत

होम्योपैथी दिवस पर एम्स में कई आयोजन, जागरूकता पैदा करने पर जोर

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के आयुष विभाग के अंतर्गत होम्योपैथी विभाग में रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रतिदिन लगभग 20 रोगी सिर्फ होम्योपैथी से इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं। इनमें जीवनशैली में परिवर्तन से संबंधित रोग सर्वाधिक है जिनका होम्योपैथी के माध्यम से बिना किसी साइड इफेक्ट के आसानी से इलाज किया जा सकता है।

होम्योपैथी के जनक डॉ. सैम्युल हैनीमेन के जन्मदिवस पर एम्स के आयुष विभाग में होम्योपैथी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथी) डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने बताया की विभाग की स्थापना के बाद से कई गंभीर बीमारियों के रोगियों को होम्योपैथी से ठीक किया जा चुका है। अब नियमित रूप से होम्योपैथी से इलाज के लिए रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसमें अस्थमा और त्वचा संबंधी रोगी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी की मदद से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कोविड की चुनौती का मुकाबला किया जा सकता है।

इस अवसर पर डॉ. सैम्युल हेनीमेन के जीवन वृत्त और होम्योपैथी के इतिहास को चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। विभाग के कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। 12 अप्रैल को होम्योपैथी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और 15 को अखिल भारतीय स्तर 'इंटीग्रेटेड मेडिकल रिसर्च एंड एजुकेशन' विषय पर वेबिनार आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में एम्स के उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नितिन बोरकर और डॉ. रमेश चंद्राकर भी उपस्थित थे।

विस् अध्यक्ष ने राज्यपाल उइके जी को जन्मदिवस पर दी शुभकामनाएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अपने ट्विटर के माध्यम से छत्तीसगढ़ की महामहिम राज्यपाल महोदया सुश्री अनुसुइया उइके जी को जन्मदिन के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि ईश्वर से आपके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ।

राज्यपाल उइके ने अपने जन्मदिन पर पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज अपने जन्मदिन के अवसर पर पूजा-अर्चना की और देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की है। उन्होंने ईश्वर से देश-प्रदेश को कोरोना संक्रमण से जल्द मुक्त करने तथा इस गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि कोविड-19 का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। अतः प्रयास करे की अपने घर पर ही रहे, भीड़-भाड़ वाले तथा सामूहिक आयोजन पर जाने से बचे। मास्क का सदैव प्रयोग करें और हाथों को साबून से बार-बार धोते रहे। साथ ही रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने वाली आयुर्वेदिक काढ़े या घर में ही उपलब्ध वस्तुएं का उपयोग करें। साथ ही इस बीमारी से जुड़े प्रारंभिक लक्षण दिखने पर अपना परीक्षण कराए और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में या किसी चिकित्सक से संपर्क करें और चिकित्सक की सलाह पर निर्धारित दवाओं का उपयोग करना प्रारंभ करें। अपने घर के बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष रूप से ध्यान रखें। हम अभी इस समय दवाई और कड़ाई के सिद्धांत का पालन करें और निश्चित ही हमारी सजगता से ही देश एवं प्रदेश को कोरोना संक्रमण वायरस से मुक्त करा लेंगे।

ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें : उपाध्याय

रायपुर। विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़वासियों से अपील की है कि जिस प्रकार से कोरोना के प्रकरणों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है ,इसकी रोकथाम और चैन को तोड़ने के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा 9 अप्रैल की शाम से 19 अप्रैल की सुबह तक के लिए लॉकडाउन किया गया है। हम सबको लॉक डाउन का मिलकर पालन करना है और पालन करवाना भी है।श्री उपाध्याय ने बताया कि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेस्टिंग से लेकर वैक्सीन लगाने का काम लगातार किया जा रहा है।सभी सामाजिक संगठन ,धार्मिक संगठन , राजनीतिक दल के लोग इस में बढ़- चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं कि कैसे हम अपने प्रदेश के लोगों को इस महामारी से छुटकारा दिलाएं, इसके लिए जी- तोड़ मेहनत भी कर रहे हैं। श्री उपाध्याय ने इस कठिन समय में रात- दिन काम करने वाले चिकित्सा कर्मियों, अधिकारी- कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस लॉक डाउन को भी सफल बनाएं । कोरोना के चैन को तोड़े ,इस चैन को तोड़ने में मदद करें।श्री उपाध्याय ने सभी वर्ग के लोगों से निवेदन किया है कि ज्यादा ज्यादा वैक्सीन लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। वैक्सीन लगाने से खतरा है जैसे, भ्रम की स्थिति को दूर करें। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगाने से जान बचाने की स्थिति संभव हो पाती है। उन्होंने सभी से निवेदन किया है कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा मास्क को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बनाएं । उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन मास्क लगाकर ही कोई काम करें। सेनीटाइज का उपयोग करते रहें, बार-बार हाथ धोते रहें। जिससे हम अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित एवं स्वस्थ रख सकते हैं।

ओवरलोड वाहनें बेलगाम होने से उखड़ रही सड़कें

रायपुर/बलौदाबाजार। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 2 वर्ष पूर्व निर्मित धनेली बोरसी ग्रामीण सड़क जर्जर हो रही है ग्राम अर्जुनी से मोपका पहुंच मार्ग फेस-2 लंबाई लगभग 20 किलोमीटर से भारी वाहन ट्र, हाईवा, ट्रेलर 40 से 50 टन सीमेंट भरकर टोनाटार बोरसी मोपका होते हुए बिल्हा होकर बिलासपुर पहुंच रहे हैं। और जसवानी नामक ढेकेदार की हैवा 30 से 40 टन वजन डामर गिट्टी एवं डब्ल्यूएमएम '2द्वद्व' ले कर चल रही है। भारी वाहनों के चलने के कारण सड़क की डामर जगह-जगह से उखड़ रही है। प्रतिदिन 80 से 100 वाहन सीमेंट भरकर आवागमन कर रहे हैं। जबकि इस सड़क की क्षमता 15 से 20 टन तक का ही है कलेक्टर बलौदाबाजार के द्वारा प्रधानमंत्री सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क जो कि एक ग्रामीण सड़क है जिस पर राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह भारी वजन की गाड़ियां दिन में 150 से 200 गाड़िया चल रही है।सड़क पर भारी वाहन चलने से रोकने के लिए समिति का गठन किया गया था लेकिन समिति के द्वारा आज तक इस सड़क में चलने वाले वाहनों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।बता दें कि चल रही गाड़िया का वजन सड़क की भार क्षमता व ऋष्ट से कई गुना ?ज्यादा है। जिसकी पुष्टि कलेक्टर को कार्यपालन ?अभियंता सह सदस्य सचिव , परियोजना क्रियान्वयन ईकाई के द्वारा दी गई है। बावजूद इसके आज दिनांक तक भारी वाहनों का आवागमन बंद नहीं हुआ है। सूत्रों की माने तो विभागीय उदासीनता के कारण सड़के टूट रही है। जिसके लिए विभाग ही जवाबदार है।

ग्राम टोनाटार के सरपंच सत्या बुद्धेश ध्रुव ने बताया कि इस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क में दिन-रात बड़े बड़े वाहन दौड़ रहे हैं सड़क टूटकर जर्जर हो रही है लेकिन सड़क की सुध लेने वाला कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं है सरपंच ने जिलाधीश से तत्काल इस सड़क पर भारी वाहन के आवागमन पर प्रतिबंध हेतु ठोस कार्यवाही की मांग कि है गौरतलब है अधिकांश ट्रक चालक सीमेंट संयंत्र से ट्रक लोड कर इस सड़क से आना-जाना करते हैं जिससे टोल प्लाजा की राशि बच जाती है तथा डीजल की बचत भी होती है।

रायपुर-नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में संपूर्ण दस दिवसीय लॉकडाउन का पहला दिन, बाजारों में पसरा सन्नाटा सड़कों पर छाई विरानी कुछ एक सड़कों पर ब्लीचिंग पाउडर एवं सैनिटाइजर डाला जा रहा है।



कोरोना वायरस
के बढ़ते प्रकोप से लगे लॉकडाउन में छूट

■ लॉकडाउन के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा केवल शासकीय वाहन, शासकीय कार्य में प्रयुक्त वाहन तथा आवश्यक सेवा से जुड़े वाहनों को ही पेट्रोल दिया जाएगा.

■ लॉकडाउन के दौरान सुबह छह बजे से आठ बजे तक तथा शाम पांच बजे से शाम 6.30 तक दूध और पेपर वितरण की अनुमति होगी.

■ एलपीजी गैस सिलेंडर की एजेंसियां केवल टेलीफोन पर या ऑनलाइन ऑर्डर लेंगे तथा ग्राहकों को सिलेंडर की घर पहुँच सेवा उपलब्ध कराएंगे.

■ औद्योगिक संस्थानों और निर्माण इकाइयों को अपने परिसर के भीतर मजदूरों को रखकर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था करते हुए उद्योगों के संचालन और निर्माण कार्यो की अनुमति होगी.

■ इस अवधि के दौरान जिले के अंतर्गत संचालित सभी शराब दुकाने बंद रहेगी.

■ सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थल आम जनता के लिए बंद रहेंगे.

■ रायपुर जिले के अंतर्गत सभी केन्द्रीय, शासकीय, सार्वजनिक, अर्द्ध-सार्वजनिक तथा निजी कार्यालय और बैंक बंद रहेंगे.

■ टेलीकॉम, रेलवे और हवाई अड्डा संचालन तथा रख-रखाव से जुड़े कार्यालय, खाद्य सामग्री के थोक परिवहन, धान मिलिंग के लिए परिवहन और शासन से अनुमति प्राप्त परीक्षाओं को लॉकडाउन से छूट दी गई है.

■ अस्पताल और एटीएम संचालित रहेंगे.

■ सभी प्रकार की सभा, जुलूस, सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक आयोजन प्रतिबंधित रहेगें.

■ अपरिहार्य परिस्थितियों में रायपुर जिले से दूसरी जगह आने-जाने वाले यात्रियों को ई-पास के माध्यम से पूर्व अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा.

■ आपात स्थिति में यात्रा के दौरान चार पहिया वाहनों में वाहन चालक सहित अधिकतम तीन, ऑटो में चालक सहित अधिकतम तीन और दो पहिया वाहन में अधिकतम दो व्यक्तियों को यात्रा की अनुमति होगी.

■ मीडियाकर्मी यथासंभव घर से काम 'वर्क फ्रॉम होम' द्वारा कार्य संपादित करेंगे.

छत्तीसगढ़ में कोरोना के मामले हर दिन नया रिकॉर्ड बना रहे हैं. रोजाना प्रदेश में कोरोना के 10 हजार से अधिक नए मरीज मिल रहे हैं. जबकि रोज प्रदेश में कोविड से 50 से अधिक लोगों की मौत हो रही है। कोरोना के बढ़ते मामलों से छत्तीसगढ़ हालात बिगड़ते जा रहे हैं. प्रदेश में तेजी से बढ़ते मरीजों की वजह से कोरोना के एक्टिव मामले भी बढ़ रहे हैं. छत्तीसगढ़ में कोरोना के 58 से अधिक मरीज हो गए हैं. जबकि प्रदेश में कुल संक्रमितों की संख्या 3 लाख 96 हजार के पार हो गई है. रायपुर में तेजी से मिल रहे हैं मरीज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सबसे तेजी से मरीज मिल रहे हैं।

लापरवाही से बढ़ सकता है लॉकडाउन

लॉकडाउन के दौरान इन नियमों का करना होगा पालन

- रायपुर में प्रवेश करने वाले यात्री को ई-पास के माध्यम से प्रवेश मिलेगा
- कोरोना टीकाकरण के लिए व्यक्तियों को छूट दी जाएगी
- सभी धार्मिक संस्थाएं बंद रहेंगी
- शहर की सभी शराब की दुकानें बंद रहेंगी
- आपातकाल में चार पहिया वाहन, ऑटो में ड्राइवर सहित अधिकतम तीन लोगों को अनुमति मिलेगी
- मीडिया कर्मी घर से ही काम करेंगे। अतिरिक्त गंभीर स्थिति में आफिस आने पर आईडी कार्ड दिखवाना अनिवार्य होगा
- केवल दूध, पेट्रोल पंप और मेडिकल सेवाएं ही होंगी संचालित
- बेवजह वाहनों को दुरूपयोग किया गया, तो 15 दिन के लिए वाहन होंगे जब्त
- रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट के लिए टैक्सी सेवाए चालू रहेगी

राजधानी रायपुर में कोरोना के मरीज बढ़ रहे है, उसके चलते रायपुर में 10 दिन का टोटल लॉकडाउन लगा दिया गया है. 9 अप्रैल की शाम 6 बजे से शुरू होगा, जो 19 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा. इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश भी जारी किए कर दिए गए हैं. जिसमें बताया गया है कि टोटल लॉकडाउन के दौरान जिले की सभी सीमाएं सील रहेंगी. जारी आदेश में कलेक्टर ने पूरे रायपुर को कंटेन्मेंट जोन घोषित किया है.

हर दिन मिल रहे 6 हजार से ज्यादा मरीज

छत्तीसगढ़ में हर दिन कोरोना के 6 हजार से ज्यादा मरीज मिल रहे हैं. पिछले 6 दिनों में 37 हजार मरीज मिल चुके हैं. औसतन 6 हजार से अधिक नए पॉजिटिव रोज मिल रहे हैं. जिससे प्रदेश के लोगों की चिंता भी बढ़ती जा रही है. प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है. जबकि घरों से बाहर निकलने पर मास्क लगाने की बात कही है. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कोरोना संक्रमण के मामलों की बेतहाशा वृद्धि को देखते हुए प्रदेश सरकार ने नौ से 19 अप्रैल तक संपूर्ण लॉकडाउन लगाने का फैसला किया है।बता दें कि सरकार ने यह फैसला एक दिन में रिकॉर्ड 2821 मामले सामने आने के बाद लिया है। पिछले 24 घंटे में रायपुर में इस खतरनाक वायरस से 26 लोगों की जान चली गई। राजधानी में पहली मौत 29 मई को हुई थी। कलेक्टर एस भारती दासन ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि इस दौरान जिले की सभी सीमाएं सील रहेंगी। उन्होंने बताया कि दूध वितरण के लिए समय तय किया गया है। शराब दुकानें, पर्यटन स्थल, शासकीय व निजी कार्यालय बंद रहेंगे। सरकारी अनुमति प्राप्त परीक्षाओं को छोड़कर बाकी परीक्षाएं स्थगित रहेंगी।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ज़िन्दगी हारी नही

ज़िन्दगी हारी नही तो और क्या है दोस्तों । मौत की मारी नही तो और क्या है दोस्तों ।। दर्द दिल का जो ग़ज़ल के पैरहन में ढाल दे ये कलमकारी नहीं तो और क्या है दोस्तों । पांव फैलाने से पहले हद्दे चादर देखना, ये समझदारी नहीं तो और क्या है दोस्तों । खट्टी मीठी यादों को रखते संजोकर हम दिल ये अलमारी नहीं तो और क्या है दोस्तों।

– कमलकांत डोंगरे

एक बंधक जवान



एक बंधक जवान को छोड़ने के बाद... क्या 22 जवानों के नरसंहार का पाप कम हो जाता है... कल से इंटरनेट मीडिया पर नक्सलियों के मानवीय चेहरे को पेश करने की कोशिश हो रही है... इस अंतराष्ट्रीय षडयंत्र को समझने और बेनकाब करते रहने की जरूरत है..!

– कुमार संतोष

खास पाती

बागवाँ की कली हया छोड़ो

बागवाँ की कली हया छोड़ो जुल्म तुझपे न हो दया छोड़ो।। खुशनुमा रंग महक रहे संग-संग कम से कम आज रूठना छोड़ो।। जब मददगार है नही कोई तो जमाने से आसरा छोड़ो आए त्यौहार जब यहाँ होली कर मुलाकात औ अदा छोड़ो। तड़पा के तू दूर जा न, रंगने दे प्यार में क्या हो सोचना छोड़ो फैसला सोच कर जरा करना हर किसी से यूँ मशवरा छोड़ो।

– वंदना भट्नागर

सारी दुनिया सिर्फतू है मेरा मैं

सारी दुनिया सिर्फ तू है मेरा मैं आने के बाद, दुनिया तड़पेगी मेरे लिए मेरे जाने के बाद। मुझमें से मेरे द्वारा मैं निकाल देने के बाद, कुछ भी ठीक नहीं अहम् का मैं आने के बाद। मैं और तू हम हो सकते हैं आम तौर पर, तू और मैं हम नहीं हो सकते तू तू मैं मैं के बाद। मंडराते भँवरे भी साथ छोड़ जाया करते हैं, कली के फूल बनकर मुरझाने के बाद। इस आग से अगली पीढ़ी बचेगी कैसे, खुश हो रहे हो तुम जिसे लगाने के बाद।

– बिट्टू पुरोहित

मन की दहलीज लांघ कर मन

मन की दहलीज लांघ कर, मन का मन पर अधिकार। दो मन चलते साथ साथ, मन के क्षितिज के पार मन की मन से,मन की मन तक, मन भी चलता कितना कब तक? मन से मन की लंबी दूरी, मन का मन से प्रतिकार मन की बात ,रही है मन मे, बिखरा सब मन के आंगन में, मन की धड़कन,मन की तड़पन, थमने को तैयार मन कर लेता ,मन से बातें, रो रो गुजरी ,मन की रातें, मन को मिली दर्द सौगातें, मन रोया बार बार।

– शोभा किरण

एक व्यक्ति कितनी जिम्मेदारी

एक व्यक्ति कितनी जिम्मेदारी फिर भी मुस्कुराते हुए सभी जिम्मेदारीयों का गंभीरता से निर्वहन करना, हमें सिख देता है कि अपने कार्यों को बोझ न समझे, बल्कि मुस्कुराते हुए बिना थके कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक करें।

– सुनिल शुक्ला

मुस्कानों का वादा करके छलना

मुस्कानों का वादा करके, छलना हमको छलती आई, चुपके दुःख की गठरी खोली, उमर आस की ढ़लती आई, आदत मुझको अवसादों की, मुझे देखकर यूँ ठहरो ना, विष को अब विष ही रहने दो, अमृत कर उपकार करो ना।

– वर्षा वर्षिता श्रीवास्तव

जब परछाई ही जिन्दगी हो तो

जब परछाई ही जिन्दगी हो तो मोह कैसा या तो फिर परछाई जिन्दगी थी ही नहीं भम्र ही था किसी के हक पे शक नहीं होता और जहाँ शक हो वहां हक तो हो ही सकता खुद के कर्म ही आपके साथ जाएंगे बाकी सब यही रह जानी हैं।

– सोनू कुमार आकाश

कुछ पुरूष स्त्रियों के हमदर्द बन स्त्री विमर्श के नाम पर स्त्री

कुछ पुरूष स्त्रियों के हमदर्द बन स्त्री विमर्श के नाम पर स्त्री को करते रहते हैं तिरस्कृत। किन्तु स्त्री, ऐसे पुरूषों को समझती है सबसे बड़ा हमदर्द। और इस तरह स्त्री, पुरुष से फिर ठगी जाती है।

– दिव्या राकेश शर्मा

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) उत्तरी-अमेरिका के पूर्वी चट्टानों पर्वतों से निकलने वाली शुष्क , झोंकेदार हवा का नाम बताइए?

2) कौन-सा निंदात्मक शब्द मध्ययुगीन चिंतक जॉन स्कोटस, जिसके अनुयाइयों में नई संस्कृति के समस्त रूपों को नकारने की आतिवादी प्रवृति थी, के मध्यवर्ती नाम से निकाला?

3) किस अवयवी के कभी-कभार पुष्पित होने से लाल सागर को उसका रंग मिलता है?

4) गुरू नानक ने अपने किस शिष्य को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया?

3) लॉर्ड कॉर्नवालिस के अधीन किस राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष ने स्थायी बंदोबस्त प्रणाली विकसित की?

उत्तरमाला- (1) चिनूक (2) डंस (3) शैवाल (4) अंगद (लहणा में जन्मे) (5) जॉन शोर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1713 - ब्रिटेन और फ्रांस के बीच यूट्रेक्ट की दूसरी संधि ने स्पेनिश उत्तराधिकार का युद्ध समाप्त कर दिया। 1827 - भारत के महान विचारक, समाज सेवी तथा क्रान्तिकारी ज्योतिबा फुले का जन्म। 1869 - महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी का जन्म। 1881 - अमेरिका के अटलांटा में स्पेलमान कॉलेज की स्थापना की गयी। 1887 - प्रसिद्ध चित्रकार जैमिनी रॉय का जन्म। 1904 - प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता एवं गायक कुन्दन लाल सहगल का जन्म। 1914 - एक पेशेवर आर्किटेक्चर बंधुओं अल्फ्रा रो ची ने शिकागो में होटल शेरमेन की स्थापना की। 1915 - चार्ली चैपलिन की फिल्म द ट्रम्प को जारी किया गया। 1919 - अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना की गई। 1924 - पहली मेन्स कॉलेज स्विमिंग चैंपियनशिप शुरू हुई। 1930 - ऋषिकेश में स्टील के तारों से बना लक्ष्मण झूला जनता के लिये खोला गया। 1946 - हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध कलाकार नवीन निश्चल का जन्म। 1951 - थिएटर और टेलीविजन अदाकारा रोहिणी हट्टंगड़ी का पुणे में जन्म। 1970 - अमेरिका ने चंद्रमा अभियान के लिए अपोलो 13 कार्यक्रम शुरू किया। 1977 - साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु का निधन। 1999 - अग्नि-2 मिसाइल का परीक्षण किया गया। 2002 - ग़रीबा आराधनालय बम विस्फोट से अल कायदा ने ट्यूनीशिया में 21 को मार दिया। 2003 - पाकिस्तान ने 12वीं बार शारजाह कप जीता। 2007 - अल्जीरियाई राजधानी में दो बम विस्फोट से 33 लोगों की मौत और 222 लोग घायल हुए।

सनी लियोनी ने पति को दिया हीरों का हार

मुंबई। 'बेबी डॉल' के नाम से मशहूर सनी लियोनी की शादी को 10 साल हो चुके हैं। इस खास मौके पर उन्हें पति डेनियल वेबर से एक बेशकीमती और खूबसूरत गिफ्ट मिला है। सनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर फैंस को गिफ्ट दिखाया है। शादी की सालगिरह के मौके पर सनी लियोनी को डेनियल ने हीरों का हार दिया है। वीडियो में उन्होंने अपने हार को गले में पहना हुआ है।

डेनियल को कहा शुक्रिया

सनी ने कैप्शन में लिखा- 'बहुत-बहुत शुक्रिया डेनियल, हमारी सालगिरह पर मुझे डायमंड का तोहफा देने के लिए। सच में ये एक सपना है। शादी के 10 साल और 13 साल एक साथ बिताना। कभी किसी ने नहीं सोचा होगा कि एक साथ जिंदगी बिताने का वो वादा और बातचीत हमें साथ में जीवन में यहां तक ले आएगी, जहां हम आज हैं। लव यू।'

पति के साथ पोस्ट की थी तस्वीर

इससे पहले सनी लियोनी ने डेनियल के साथ की एक तस्वीर पोस्ट की थी जिसमें उन्होंने डेनियल को शादी की सालगिरह की बधाई देते हुए लिखा- 10वीं शादी की सालगिरह मुबारक, जिसे मैं प्यार करती हूं। प्रार्थना करती हूं कि हम मरते दम तक साथ में जिंदगी बिताएं। आप मेरे लिए चट्टान की तरह हैं। एक हीरो की तरह हैं। लव यू बेबी।

सनी की आने वाली फिल्म

हाल ही में सनी लियोनी ने अपनी अगली फिल्म की जानकारी सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा की। सनी लियोनी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'शीरो' का टीजर पोस्ट किया। इस टीजर को अभी तक करीब पांच लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। सनी लियोनी की यह फिल्म चार भाषाओं तमिल, हिंदी, तेलुगु और मलयालम में रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज डेट का अभी तक एलान नहीं हुआ है, लेकिन सनी लियोनी का ये नया अवतार फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

दीपिका पादुकोण की वेबसाइट लांच होने पर खुश हैं रणवीर सिंह

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह अपनी पत्नी तथा अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के वेबसाइट लांच होने पर बेहद खुश हैं। दीपिका पादुकोण की वेबसाइट लांच होने पर उनके पति रणवीर सिंह बेहद खुश हैं। रणवीर सिंह ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए दीपिका के लिये लिए एक नोट लिखकर उनकी काफी तारीफकी है।

रणवीर ने अपने नोट में लिखा, ÷दीपिका तुम दुनिया की सबसे खूबसूरत इंसान हो, जिससे मैं मिला हूं और मैं ये बात सिर्फइसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि तुम मेरी पत्नी हो, तुम अपने अंदर पूरे यूनिवर्स को रखती हो, प्यार, करुणा, दया, बुद्धि, खूबसूरती, अनुग्रह और सहानुभूति भी रखती हो। ये सभी क्वालिटी तुम्हें एक बेहतर और सच्चा आर्टिस्ट बनाती हैं। तुम दुनिया की सबसे फाइनेस्ट एक्टर्स में से एक हो। तुम्हारे अंदर लचीलापन, धैर्य और इच्छाशक्ति है। मैं कभी-कभी रुकता हूं तुम्हें एडमायर करने के लिए, तुम्हारी आत्मा स्पेशल है, अच्छे के लिए पैदा हुई हो और मैं दुनिया का प्राउड पति हूं।''

गौरतलब है कि दीपिका ने इंस्टाग्राम पर वेबसाइट लांच होने की जानकारी दी थी। दीपिका ने लिखा था, ÷बीते कुछ महीनों से इस वेबसाइट पर काम चल रहा था लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसमें देरी हुई पर फाइनली यह बनकर तैयार हो गई है, मेरा मानना है कि इस वेबसाइट में ऐसे तत्व हैं जो मेरी पर्सनैलिटी को विस्तारित करेंगे। मुझे उम्मीद है कि आप सभी इसे पसंद करेंगे। बताया जाता है कि इस वेबसाइट के जरिये दीपिका के अपकमिंग प्रोजेक्ट, सोशल वर्क और इसी तरह की अन्य चीज़ों को लेकर जानकारी दी जाएगी।

शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आयेगी राशि

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय अभिनेत्री राशि खन्ना थ्रिलर सीरीज फिल्म में शाहिद कपूर और विजय सेतुपति के साथ काम करती नजर आयेंगी। राशी खन्ना निर्देशक राज और डीके की थ्रिलर सीरिज़ के साथ अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इस सीरिज़ में उनके साथ शाहिद कपूर और विजय सेतुपती नज़र आयेंगे। राशी खन्ना अब इस सीरिज़ के दूसरे शेड्यूल के लिए गोवा पहुंच चुकी हैं।

सीरीज़ के पहले शेड्यूल के दौरान राशी और इससे जुड़ी कास्ट काफी एंजॉय करते हुए नज़र आए , सेट से जुड़े बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने फैंस को काफी एंटरटेन भी किया।गोवा शूटिंग के बारे में राशी का मानना है कि, ÷इस तरह की सीरीज़ के लिए शूटिंग करना मेरे लिए बहुत ही आनंददायक रहा है। मैं इस बात से उत्साहित हूं कि दूसरा शेड्यूल भी रोमांच से भरपूर होगा। राज एंड डीके के निर्देशित किए जाने का अनुभव शानदार है और शाहिद और विजय जैसे सितारों के साथ काम करने के लिए मैं बेहद उत्साहित हूं। मैं दूसरे शेड्यूल की शुरुआत करने के लिए तैयार हूं।÷ खन्ना 2021 में आने वाले अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में तुगलक दरबार, अरनमणई3,मेथवी, ब्रह्मम और थैंक यू का नाम शामिल है।

एनआरआई प्रोड्यूसर राम शर्मा की फ़िल्म 'न्यू इंडिया' में काम करेंगे पवन सिंह

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह फिल्म 'हमार स्वाभिमान' के बाद एनआरआई निर्माता राम शर्मा की अगली फिल्म 'न्यू इंडिया- बोलता भी है और ठोकता भी है' में भी नज़र आएंगे।

पवन सिंह की 'न्यू इंडिया- बोलता भी है और ठोकता भी है' की घोषणा फिल्म का पोस्टर लांच कर की गई। इस फ़िल्म को धनंजय तिवारी निर्देशित करेंगे, जो उनकी बतौर निर्देशक पहली फ़िल्म होगी। इससे पहले वे 'हमार स्वाभिमान' समेत कई भोजपुरी फिल्मों में एसोसिएट डायरेक्टर रह चुके हैं, जिसके बाद उन्हें इस फ़िल्म से निर्देशक के रूप में ब्रेक मिल रहा है। पवन सिंह की फिल्म 'न्यू इंडिया- बोलता भी है और ठोकता भी है' के निर्माता एनआरआई राम शर्मा और गया राज हैं। फिल्म का निर्माण राम शर्मा फिल्म प्रोडक्शन और निभा फिल्म मगध बिहार के बैनर तले किया जाएगा। फ़िल्म के लीड रोल में पवन सिंह नजर आएंगे, जबकि अन्य कलाकारों के नाम की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी। पवन सिंह ने इस फ़िल्म को जहां बेहतरीन बताया, वहीं फ़िल्म के निर्देशक धनंजय तिवारी ने पवन सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सपोर्ट के बिना ये संभव नहीं था। साथ ही उन्होंने निर्देशक चंद्रभूषण मणि, डीओपी एवं निर्देशक देवेंद्र तिवारी का भी आभार व्यक्त किया।

प्रदीप पांडे चिंटू की पिया मिलन चौराहा का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी फिल्मों के चॉकलेटी स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू और अभिनेत्री मनीषा यादव की फिल्म पिया मिलन चौराहा का ऑफिसियल ट्रेलर वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। पिया मिलन चौराहा के ट्रेलर की शुरुआत कश्मीर की हसीनवादियों में प्रदीप पांडेय चिंटू और मनीषा यादव को रोमांस करते हुए दिखाया गया है।वहीं अवधेश मिश्रा ,देव सिंह अमित शुक्ला का जबरदस्त रोल प्ले करते नज़र आ रहे है। यह फिल्म सत्तर के दशक के सच्ची घटनाओं पर आधारित है। लेखक से निर्देशक बने लाल जी यादव के बतौर निर्माता और निर्देशन की यह पहली पहली फ़िल्म है। यह फिल्म गढ़ी माई मुबीज के बैनर तले बनी है। प्रदीप पांडेय चिंटू ने कहा, ÷फ़िल्म में मेरा किरदार काफी अलग है। मेरे लिये इस किरदार को निभाना काफी चुनौती पूर्ण रहा है। फ़िल्म के मुख्य भूमिकाओं में प्रदीप पाण्डेय चिंटू,मनीषा यादव,देव सिंह,अमित शुक्ला,अवधेश मिश्रा एवं अन्य है।

रोहित ने जूतों के जरिए 'सेव द राइनो' के प्रति बढ़ाई जागरुकता

चेन्नई (वार्ता)। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा वैसे तो शांत स्वभाव के हैं, लेकिन मैदान पर उनका बल्ला काफी बोलता है। रोहित ने अपने इसी अंदाज को कायम रखते हुए मौजूदा आईपीएल 2021 सत्र में ग्रेट वन-हॉर्नड राइनोसोर्स अथवा भारतीय राइनो को बचाने के प्रति जागरुकता बढ़ाने का एक अनोखा तरीका अपनाया है। दरअसल रोहित कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इस सत्र के पहले आइपीएल मुकाबले में खास तरीके से डिजाइन जूते पहन कर खेलने उतरे, जिसमें ग्रेट वन-हॉर्नड राइनोसोर्स अथवा भारतीय राइनो जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों को दर्शाया गया है, जिन्हें बचाने की बात रोहित हमेशा करते हैं। उनके जूतों पर एक खास कला के माध्यम से भारतीय राइनो छपे हुए थे और साथ ही लिखा था कि ' सेव द राइनो '। यकीनन उनकी इस पहल से अधिक से अधिक लोग इस बारे में शिक्षित होंगे और विलुप्त होने वाली प्रजातियों को बचाने की दिशा में किए जा रहे उनके प्रयासों को और बल मिलेगा। रोहित ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में एक फोटो साझा करते हुए इस बारे में कहा, कल जब मैं मैदान पर गया तो यह मेरे लिए सिर्फ एक मैच नहीं था, बल्कि मैच से कहीं ज्यादा था। क्रिकेट खेलना मेरा सपना रहा है और इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने में मदद करना भी एक ऐसा कारण है जिस पर हम सभी को काम करने की जरूरत है और मेरे लिए मेरे दिल के करीब राइनो प्रजाति को विलुप्त होने से बचाने के मकसद के साथ मैदान पर जाना बेहद खास था।

जन धन खाते खोलने में निजी बैंक फिसड्डी

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेवाई) की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत देश के गरीबों का खाता जीरो बैलेंस पर बैंक, पोस्ट ऑफिस में खोला जाता है। देश में 31 मार्च 2021 तक 42 करोड़ से अधिक जन धन खाते खुल चुके हैं, लेकिन इसमें निजी बैंक बहुत पीछे हैं। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष यानी 2020-21 में सरकारी बैंकों ने तीन करोड़ के करीब जन धन खाते खोले। वहीं निजी बैंकों ने सिर्फ 55 हजार के करीब खाते खोले। इतना ही नहीं पिछले वित्त वर्ष में निजी बैंकों ने करीब 50 हजार खाते कम खोले। सरकारी योजनाओं के लिए बेहद अहम इस खाते में निजी बैंकों की दिलचस्पी बेहद कम है। हिन्दुस्तान के सहयोगी प्रकाशन मिंट की ओर से भेजे गए सवाल पर आईसीआईसीआई बैंक को छोड़कर किसी भी बैंक ने या तो जवाब नहीं दिया या फिर बहाना बनाते नजर आए। आईसीआईसीआई ने पूरी स्पष्टता के साथ जन जन खाते का ब्योरा दिया। बैंक ने कहा कि उसने पिछले वित्तीय वर्ष में दो लाख 78 हजार 522 जन धन खाते खोले हैं। बैंक के प्रवक्ता ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक जन धन खाता खोलने में निजी बैंकों में सबसे आगे है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादातर जन धन खाते अस्थाई तौर पर बंद हो गए हैं क्योंकि उनमें काफी समय से लेनदेन नहीं हुई है। बैंकरों और विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार के नियमों के मुताबिक एक व्यक्ति का एक ही जन धन खाता हो सकता है।

टर्म इंश्योरेंस प्लान जल्द हो सकता है महंगा

15 से 30 अप्रैल के बीच प्रीमियम बढ़ाने की योजना बना रहीं कंपनियां

नई दिल्ली। जीवन बीमा का टर्म प्लान एक अप्रैल के आसपास बढ़ने वाला था। हालांकि, रीइंस्योरेंस कंपनियों के कॉन्ट्रैक्ट के रिन्यूअल और कुछ बीमाकर्ताओं के लिए नए प्रोडक्ट्स की मंजूरी में देरी की वजह से लगभग 15 दिनों तक की देरी हो रही है। इस कारण से, 15 से 30 अप्रैल के बीच कभी भी टर्म इंश्योरेंस प्रीमियम बढ़ जाएगा। बीमा क्षेत्र से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही।बीमा कंपनी टर्म इंश्योरेंस की प्रीमियम की दरें अपने ग्राहकों की विभिन्न उम्र में मृत्यु होने (मृत्यु दर) की संभावना के आधार पर तय करती है। पश्चिमी देशों में, बीमा कंपनियों द्वारा ऐसा असल डेटा के आधार पर किया जाता है जबकि भारत में यह मृत्यु दर के अनुमान के आधार पर किया जाता है। एक बीमा कंपनी आम तौर पर उनके पॉलिसीधारकों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम के माध्यम से ढेर सारा फंड इकट्ठा करने के प्रस्ताव पर काम करती है। इकट्ठा हुए इस धन से, वे हर साल मरने वाले, प्रभावित पॉलिसीधारकों के बीमा के दावें अदा करती हैं। इस तरह, जीवन बीमा के प्रस्ताव में एक समूह किसी व्यक्ति के नुकसान में अपना सहयोग करता है। इस फंड का एक बड़ा हिस्सा रीइंश्योरर की बीमा कंपनियों द्वारा रीइंश्योर किया जाता है। इसलिए, दोबारा बीमा करने वालों के एग्रीमेंट का नवीनीकरण करना या दोबारा मोलभाव करना प्रीमियम को प्रभावित करता है।

सोना इस महीने 2364 रुपये चढ़ा, अभी भी सर्वोच्च शिखर से 9808 रुपये है

नई दिल्ली। कोरोना के फैलने की रिकॉर्डतोड़ रफ्तार के बीच एक बार फिर सोना 50 हजारी बनने की तैयारी कर रहा है। शादी-विवाह के लिए सोना और उससे बने गहने खरीदने वालों के लिए यह बुरी खबर है। सर्राफा बाजारों इस महीने अब तक 24 कैरेट सोना 2364 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो चुका है। हालांकि यह अब भी अपने 7 अगस्त 2020 के ऑल टाइम हाई 56254 रुपये से 9808 रुपये सस्ता है। अगर चांदी की बात करें तो सोने की तुलना में इसकी रफ्तार अधिक तेज है। 31 मार्च 2021 के बंद भाव की तुलना में यह 4068 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो चुकी है।

2021 की बात करें तो गोल्ड की पिछले 30 साल में सबसे खराब शुरुआत हुई। जनवरी से ही सोने के रेट में गिरावट का दौर शुरू हुआ, लेकिन अप्रैल में एक बार फिर इसने तेजी पकड़ी है। आपको याद होगा कि कोरोना की पहली लहर और संपूर्ण लॉकडाउन के दौरान सोना के भाव खूब उछले, वह भी तब जब सर्राफा बाजारों में मांग न के बराबर थी। कमोवेश हालात पिछले अप्रैल की तरह बन रहे हैं। केडिया कैपिटल के डायरेक्टर अजय केडिया ने कहा है कि पिछले साल गोल्ड की कीमतों में इजाफे की वजह लॉकडाउन, कोरोना के बढ़ते मामले, ब्याज दरों का कम होना, केंद्रीय बैंकों की खरीदारी आदि थी। इस साल कमोवेश हालात वैसे ही हैं। ब्याज दरें अभी कम हैं। रुपया डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है। दुनियाभर में पाबंदियों का एक और दौर शुरू हो चुका है, ऐसे में लोग सुरक्षित निवेश के लिए एक बार सोने की तरफरुख कर रहे हैं। इस वजह से जून तक सोना 50000 रुपये तक पहुंच सकता है। साल 2020 की शुरुआत में सोने की कीमत 39,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 1,517 अमरीकी डॉलर प्रति औंस के साथ हुई।

आईपीएल | डिविलियर्स ने 27 गेंदों पर 48 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए

विराट ने रोहित को आखिरी गेंद पर दी मात

चेन्नई (वार्ता)। मध्यम तेज गेंदबाज हर्षल पटेल (27 रन पर पांच विकेट) और मिस्टर 360 डिग्री के नाम से मशहूर एबी डिविलियर्स के शानदार 48 रनों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गत चैंपियंस मुंबई इंडियंस को 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर शुक्रवार को दो विकेट से हराकर उद्घाटन मुकाबला जीत लिया।

मुंबई ने सलामी बल्लेबाज क्रिस लिन की 49 और सूर्यकुमार यादव की 31 की शानदार पारियों की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 159 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। हालांकि बेंगलुरु को जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन बेंगलुरु ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 160 रन बनाकर दो विकेट से जीत अपने नाम की। बेंगलुरु की तरफ से कप्तान विराट कोहली ने 29 गेंदों में चार चौकों के सहारे 33 और ग्लेन मैक्सवेल ने 28 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों के सहारे 38 रन बनाये जबकि डिविलियर्स ने 27 गेंदों पर 48 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। डिविलियर्स ने 27 गेंदों पर 48 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। हर्षल पटेल ने तीन गेंदों पर नाबाद चार रन बनाये। मुंबई की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 26 रन पर दो विकेट जबकि मार्को जेनसन ने 28 रन पर दो विकेट निकाले लेकिन जीत अंत में बेंगलुरु के नाम रही।

इससे पहले बेंगलुरु की तरफ से मध्यम तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में मात्र 27 रन देकर पांच विकेट झटके। पटेल ने पारी के आखिरी और 20 वें ओवर में पहली चार गेंदों पर तीन बल्लेबाजों को आउट किया।

बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा मात्र 15 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 19 रन बनाने के बाद रन आउट हो गए। क्रिस लिन ने 35 गेंदों पर 49 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए। लिन और सूर्यकुमार यादव ने दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़े। सूर्यकुमार ने 23 गेंदों पर 31 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने 19 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाये जबकि हार्दिक पांड्या ने 10 गेंदों पर 13 रन में दो चौके लगाए। कीरोन पोलार्ड सात और क्रुणाल पांड्या सात रन बनाकर माध्यम तेज गेंदबाज हर्षल पांड्या की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। पटेल ने इन दो विकेटों के बाद तीसरी गेंद पर कोई रन नहीं दिया और चौथी गेंद पर मार्को जेनसन को बोल्ड कर दिया। पटेल के ओवर की आखिरी गेंद पर राहुल चाहर खाता खोले बिना रन आउट हो गए जबकि जसप्रीत बुमराह एक रन पर नाबाद रहे।

अलीबाबा पर लगा अबतक का सबसे बड़ा जुर्माना

नई दिल्ली। दुनिया के जाने-माने बिजनेस मैन और चीन के सबसे रईस व्यक्तियों में से एक जैक मा की कंपनी अलीबाबा पर चीन की सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18.3 युआन (2.8 अरब डॉलर) का जुर्माना लगाया है। चीनी सरकार ने यह जुर्माना एकाधिकार विरोधी नियमों के उल्लंघन में दोषी पाने के बाद लगाया है। पिछले साल नवंबर में जैक मा ने चीनी सरकार की नीतियों की आलोचना की थी, जिसके बाद से ही लगातार उन पर एक के बाद एक कार्रवाई हो रही है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता टेक्नोलॉजी के सेक्टर में हो रहे एकाधिकार से काफी चिंतित थे। साथ ही उन्होंने अलीबाबा को अपने पोजीसन के दुरूपयोग का भी दोषी पाया, जिसके बाद उनपर यह कार्रवाई हुई।

बायो बबल में पडिकल के प्रवेश से अन्य आईपीएल टीमें नाखुश

चेन्नई (वार्ता)। सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिकल के होम क्वारंटीन में रह कर कोरोना से ठीक होने के बाद गत सात अप्रैल को आरसीबी के बायो बबल में सीधे प्रवेश को लेकर अन्य आईपीएल टीमों ने नाराजगी जाहिर की है। टीमों ने पडिकल के सात दिन के अनिवार्य क्वारंटीन में रहे बिना अपनी टीम के बायो बबल में जाने पर उंगली उठाई है। अन्य फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने कहा, ÷ अगर होम क्वारंटीन की अनुमति है तो हमारी टीम के कई सदस्यों को भी इसका लाभ दिया जाना चाहिए। ÷ हालांकि आरसीबी प्रबंधन का दावा है कि सभी प्रोटोकॉल्स का पालन करते हुए ही पडिकल बायो बबल में आए हैं। आरसीबी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि पडिकल के पास कोरोना टेस्ट की

तीन नेगेटिव रिपोर्टें थीं और हमने बीसीसीआई के सभी नियमों का पालन किया है। वहीं इस पर टीम प्रबंधन की ओर से भी एक बयान आया था, जिसमें कहा गया था, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिकल बीसीसीआई के आईपीएल प्रोटोकॉल्स के मुताबिक कोरोना नेगेटिव आने के बाद सात अप्रैल को टीम में शामिल हो गए हैं। आरसीबी की मेडिकल टीम पडिकल की सुरक्षा और स्वस्थ होना सुनिश्चित करने के लिए लगातार उनके संपर्क में थी।

मैनपुर सहित क्षेत्र के तालाबों का पानी सूखा, निस्तार की गंभीर समस्या

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। गर्मी बढ़ने के साथ ही लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण अधिकांश तालाबो का पानी सूख चुका है ऐसे मे क्षेत्र के ग्रामीणो के समक्ष निस्तार की प्रमुख समस्या उत्पन्न हो चुकी है, मुख्यालय मैनपुर सहित आसपास के अंचलो मे तेजी से गिरते जल स्तर से लोगो मे जल संकट की समस्या गहराने लगा है, अप्रैल माह के प्रारंभ मे ही गर्मी ने जिस प्रकार अपना भयावह रूप दिखाया है उसके आधार पर आने वाले समय मे तापमान मे और वृध्दि होने से तालाबो की स्थिति और खराब होगी, तेज गर्मी के साथ नदी नालों से लेकर तालाब व कुओं का जल स्तर भी तेजी से घट रहा है वहीं नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो मे इन दिनो पेयजल संकट की समस्या भी विकराल रूप ले रही है, मुख्यालय मैनपुर नगर सहित जिड़ार, जाड़ापदर, देहारगुड़ा, भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, कुल्हाड़ीघाट, शोभा, गोना, करेली, ढोलसराई, रक्शापथरा, कुशियारबरछा, मोतीपानी, भुतबेड़ा, गरीबा, कुचेंगा, कोकड़ी, बरगांव, गौरगांव, लाटापारा, गरहाडीह, इंदागांव, कोयबा, बरगांव, जांगड़ा, जुगांड़, डुमरपड़ाव सहित दर्जनों ग्राम पंचायतो के आश्रित ग्रामो मे सूख रहे जल स्त्रोतो के कारण निस्तारी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है, इन ग्रामो मे प्रमुख रूप से स्थित तालाब ही निस्तारी की समस्या को पूरा कर पाता है ऐसे मे तालाबो मे जलभराव व निस्तारी की समस्या के लिये वैकल्पिक उपाय नही किया गया तो ग्रामीणो के समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न होगी, गर्मी मे राहत दिलाने वाले कुआं, जलाशय सहित विभिन्न जल स्त्रोत बड़ी तेजी से सुख रहे है जिसे लेकर यहां के ग्रामीण बेहद मायूस है, वहीं कई तालाबो मे पानी तट छोड़ रहे है जिसके कारण मवेशियो के लिये पीने का पानी मुहैया नही हो पा रहा है, सूर्य अपने तापमान मे जिस प्रकार बढ़ोत्तरी कर रहा है उससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि गर्मी के आने वाले दिनो मे ग्रामीण क्षेत्रो के प्रमुख तालाब पूरी तरह से सुख जायेगा, गर्मी के व्यापक स्वरूप व सूख रहे तालाब की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणो ने स्थानीय प्रशासन से निस्तारी व जल समस्या के निवारण हेतू जल्द से जल्द बोर खनन करवाकर तालाबों मे पानी भरने की मांग की है, तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर मे दो तालाब निस्तार के लिए है लेकिन एक तालाब का पानी 80 प्रतिशत सूख चुका है जिसके चलते मैनपुर नगर में ही निस्तारी जल की समस्या अभी से उत्पन्न हो गई है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रमुखो तालाबो मे जल भराव कराने बोर खनन की मांग शासन प्रशसन से किया है।

सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक खुलेंगें दुकानें एसडीएम ने जारी किया नया आदेश

मैनपुर। अनुविभाग मैनपुर के अंतर्गत कोरोना संक्रमण के लगातार सामने आ रहे मामलो को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दण्डाधिकारी सुरज कुमार साहू ने मैनपुर अनुविभाग क्षेत्र में दुकानों के संचालन को लेकर नया संशोधित आदेश जारी किया है जिसके तहत अब दुकाने खोलने एवं बंद करने का समय सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। संशोधित आदेश के तहत अनुविभाग मैनपुर के संपूर्ण क्षेत्र अंतर्गत व्यापारिक प्रतिष्ठानों/दुकानों के खुले रहने का समय प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, रेस्टोरेंट/भोजनालय, टेक अवे आधार पर उपभोक्ताओं को भोजन रात्रि 8 बजे तक प्रदाय कर सकते है, चाय/नाश्ता/गुपचुप चाट/आईसक्रीम एवं अन्य सभी ऐसे ठेले जो खाद्य सामग्री/पदार्थ का विक्रय करते है वे उपभोक्ताओं को केवल पार्सल सेवा प्रदाय करेंगें, अनुविभाग मैनपुर के समस्त क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार आगामी आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंधित है, दुकानो के सामने सामाजिक दुरी हेतु पर्याप्त व्यवस्था जैसे रस्सी बांधना, गोले बनाना तथा सेनेटाईजर, साबुन पानी आदि रखना अनिवार्य रहेगा, अतिआवश्यक सेवा वाले प्रतिष्ठान जैसे मेडिकल स्टोर पेट्रोल पंप समस्त बैंक एटीएम एवं गैस एजेंसी को छोड़कर सभी पर यह आदेश लागू होगा, बस आपरेटर्स आरटीओं के समस्त नियमों का पालन करेंगें तथा नियमित रूप से पैसेंजर तथा गाड़ी के सैनिटाईजेशन सुनिश्चित करेंगें।

नगर में फिर फुटा कोरोना बम, मिले 16 कोरोना पॉजीटिव

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में कोरोना का कहर जारी है बीते कुछ दिनों में जो एक्टीव मामले सामने आये है उससे पूरा नगर दहशत मे है मैनपुर क्षेत्र में बीते एक सप्ताह के भीतर लगातार कोरोना मरीजों की संख्या बढती जा रही है, गुरूवार को मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे कुल 9 कोरोना मरीजो की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया था वहीं आज शुक्रवार को 16 मरीज सामने आये है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेन्द्र ध्रुव ने बताया कि मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे आज शुक्रवार को कुल 16 कोरोना के मरीजो की पुष्टि की गई है जिनमें भाठीगढ से 2 मरीज, मैनपुर बस स्टैण्ड से 01, जयंती नगर मोहल्ले में 07, बरदूला मे 02 और उरमाल से 04 कोरोना संक्रमित मरीजो की पुष्टि की गई है। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे लगातार कोरोना के मरीजो की संख्या मे बढोत्तरी हो रही है लोगो को मास्क व सेनेटाईजर के लिये लगातार अपील किया जा रहा है लेकिन जागरूकता में कमी देखी जा रही है। एक तरफ प्रशासन लगातार लोगो को शासन द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन करने अपील कर रहे है, बावजूद इसके कई लोग गाईडलाईन का पालन नही कर रहे है और व स्वंय के साथ दुसरों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रहे है इसी लापरवाही के चलते लगातार कोरोना संक्रमण के मामले बढने लगा है। खंड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर द्वारा दिये गये निर्देश के तहत मैनपुर नगर के दुर्गा मंच में एवं जयंती नगर में कोरोना जांच सैम्पलिंग लिया गया वहीं जयंती नगर मोहल्ले से कुल 7 लोग कोरोना पॉजीटिव पाये गये है। मैनपुर नगर में कोरोना के बढते मामले के बीच ग्राम पंचायत द्वारा कोरोना पॉजीटिव चिन्हांकित मोहल्लो कन्टेनमेंट जोन को बास बल्ली से घेरकर सेनेटाईजिंग किया जा रहा है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 103
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक कुमार आहुजा पिता श्री रमेश कुमार आहुजा जाति सिंधी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्रीमती सतनाम कौर पति महेन्द्र सिंग अरोरा साकिन आरंग से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 25 /भूमि खसरा नं. 3378/1 रकबा 1581 वर्गफुट 1581 के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 104
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. श्री अनिल तम्बोली 2. श्री अजय कुमार 3. श्रीमती भारतीय पिता स्व. दौवा प्रसाद तम्बोली जाति बरई साकिन आरंग भूमि/भवन को विक्रेता स्व. दौवा प्रसाद तम्बोली पिता स्व. गोपाल प्रसाद साकिन आरंग से मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 08 /भूमि खसरा नं. 3793/2, 2149/2 रकबा 1940 वर्गफुट 1940 के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 98
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विष्णुज्ञान चंदानी पिता श्री महेशज्ञान चंदानी जाति सिंधी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री गणेश कुमार आहुजा पिता श्री सुरेश कुमार आहुजा साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 15001/44 रकबा 1683 वर्गफुट 1683 के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 102
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहम्मद समीर गोरी पिता स्व. मोहम्मद सागीर गोरी जाति मुसलमान साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री राजेश गोन्दुड़े पिता श्री लोकनाथ गोन्दुड़े साकिन आरंग से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 15002/1 रकबा 1600 वर्गफुट 1600 के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ पहुंची कोरोना...

कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही प्रदेश में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4 लाख 18 हजार 678 हो गई है। छत्तीसगढ़ में अब तक 3 लाख 37 हजार 156 मरीज स्वस्थ हुए हैं। वहीं कोरोना पॉजिटिव एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 76868 हो गई है।

कोरोना की जंग जितने ...

लौट आयी थी। घर आने के बाद ही शुक्रवार की रात फिर से उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में ही वेंटिलेटर पर रखा गया था। आज सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। शाहीन अख्तर भिलाई क्षेत्र में भाजपा की एक सक्रीय कार्यकर्ता और पार्षद थी। उनकी मौत की खबर के बाद दुर्ग भाजपा और भिलाई में मातम का माहौल है।

कोरबाः 12 से 10 ...

को अपराह्न 3 बजे से लॉकडाउन लगेगा, जो 10 दिनों तक प्रभावी रहेगा। आपको बता दें कि इससे पहले कलेक्टर ने बाजारों के वक्त में बदलाव कर और नाईट कर्फ्यू के जरिये कोरोना को कंट्रोल करने की कोशिश की थी, लेकिन कोरोना का संक्रमण बढ़ता ही जा रहा था। कल कोरबा में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या इस साल में सबसे ज्यादा रही, जिसके बाद कलेक्टर ने आज छुट्टी के बावजूद टास्क फोर्स की बैठक बुलायी, और लॉकडाउन का फैसला लिया। आपको बता दें कि कल प्रदेश में 11 हजार से ज्यादा मरीज मिले थे, जबकि 63 लोगों की मौत हुई थी। वहीं कोरबा में कल संक्रमितों की संख्या 523 थी।

संक्रमण रोकने पंचायत स्तर...

रहित करने, साफसफाई, गंदगी के सुरक्षित निपटान का कार्य भी किया जावे। क्वारेंटाईन सेंटर में रूके हुए लोगों को यथा संभव सूखा राशन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा दी जाये ताकि वे अपना भोजन स्वयं तैयार कर सके। इनके पास भोजन बनाने की व्यवस्था न होने पर भोजन तैयार कर पर्याप्त सावधानी व दूरी के साथ वितरण कराने की व्यवस्था किया जाये। क्वारेंटाईन में रहने वाले लोगों को किसी भी स्थिति में परिसर/चिन्हांकित क्षेत्र से बाहर जाने न दिया जाये, और न ही इनसे बाहर का कोई कार्य लिया जाये। इनके परिवार के सदस्यों आदि को सेंटर में प्रवेश न करने दें। सेंटर में भजन-कीर्तन, खेलकूद, योगा, प्रशिक्षण जैसे सामुदायिक गतिविधियों प्रतिबंधित होगी, इसका कड़ाई से पालन कियाजावे।

छत्तीसगढ़ में कोरोना से निपटने...

देश में कोरोना के सक्रिय ...

करोड़ 32 लाख पांच हजार 926 हो गयी है। वहीं इस दौरान 77,567 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,19,90,859 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 67,023 बढ़कर 10,46,631 हो गये हैं। इसी अवधि में 794 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,68,436 हो गयी है। देश में रिकवरी दर आंशिक घटकर 90.80 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर बढ़कर 7.93 प्रतिशत हो गया है जबकि मृत्युदर घटकर 1.28 फीसदी रह गयी है। महाराष्ट्र कोरोना के सक्रिय मामलों में शीर्ष पर है और राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 13,301 बढ़कर 5,36,063 हो गयी है।

भारत मेंकोरोना के 9.80 ...

60 आयु वर्ग के बीच के लाभार्थियों में से 2,82,55,044 को कोरोना की पहली डोज और 5,82,064 को इसकी दूसरी डोज लगायी जा चुकी है। मंत्रालय के अनुसार देश के आठ राज्यों में 60.62 फीसदी लोगों को कोरोना की खुराक दी जा चुकी है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान 34 लाख से अधिक लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया है। मंत्रालय ने बताया, ॐ देश में टीकाकरण अभियान के 84वें दिन यानी नौ अप्रैल को 34,15,055 टीके लगाए गए, जिनमें से 30,06,037 लाभार्थियों को पहली खुराक और 4,09,019 लाभार्थियों को टीका की दूसरी खुराक दी गयी। मंत्रालय ने यह भी बताया कि वैश्विक दैनिक खुराक की संख्या के मामले में भारत औसतन 38,93,288 खुराक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है।

किसानों ने लगाया जाम, सरकार...

जाने का अनुरोध किया था। आज कोविड का दूसरा दौर है। पूरा देश इसको लेकर चिंतित है और कोरोना प्रोटोकॉल के पालन पर जोर दिया जा रहा है। किसानों की जिंदगी उनके लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में किसानों को आंदोलन स्थगित कर सरकार के साथ बातचीत कर समस्या का समाधान करना चाहिए।

भारत और जापान के...

सुगा योशिहिदे भी अप्रैल के अंत में भारत यात्रा की योजना बना रहे हैं। यात्रा के दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। सरकारी सूत्रों ने क्योडो को बताया कि जापान का उद्देश्य ' मुक्त और खुले हिन्द प्रशांत ' के उसके विजन को मजबूती प्रदान करना है। इसके अलावा दोनों प्रधानमंत्रियों की बाहरी अंतरिक्ष , साइबर सुरक्षा , ढांचागत परियोजनाओं और अन्य आर्थिक मुद्दों पर भी बातचीत होने की संभावना है।

न्यायालय नायब तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. वर्ष 2020-21
साकिन ग्राम बिलाई डबरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/क्रेता श्रीमती हेतल चौहान पति विक्रम चौहान जाति गुजराती निवासी प्लाट नं. 14 आनंद विहार शिवा कालेज के पास सुपेला, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है जिसमें ग्राम बिलाई डबरी स्थित भूमि खसरा नं. 312/21 का टुकड़ा रकबा 0.202 हे. कुल खसरा नं 01 कुल रकबा 0.202 हे. लगान 12.00 रुपए की भूमि को अनावेदक/ विक्रेता श्री अजय अग्रवाल पिता घनश्यामदास अग्रवाल द्वारा मुख्तियार आम श्रीमती गीता अग्रवाल पति घनश्यामदास अग्रवाल के पास से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15/02/2021 द्वारा 2,63,000/- अक्षरी दो लाख तिरसठ हजार रुपए में क्रय किया गया है। अनावेदक द्वारा आवेदिका के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किए जाने पश्चात आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में पंजीकृत विक्रय पत्र,बी-1, शपथ पत्र व तलवाना के साथ प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा पेश करना हो तो नियत तिथि दिनांक 23/04/2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 01/04/2021
पेशी दिनांक 23/04/2021

नायब तहसीलदार
सुहेला
सील

न्यायालय नायब तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. वर्ष 2020-21
साकिन ग्राम बिलाई डबरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/क्रेता श्रीमती हेतल चौहान पति विक्रम चौहान जाति गुजराती निवासी प्लाट नं. 14 आनंद विहार शिवा कालेज के पास सुपेला, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा वास्ते नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है जिसमें ग्राम बिलाई डबरी स्थित भूमि खसरा नं. 305 का टुकड़ा रकबा 3.534 हे. कुल खसरा नं 01 कुल रकबा 3.534 हे. लगान 12.00 रुपए की भूमि को अनावेदक/ विक्रेता श्री अजय अग्रवाल पिता घनश्यामदास अग्रवाल द्वारा मुख्तियार आम श्रीमती गीता अग्रवाल पति घनश्यामदास अग्रवाल के पास से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15/02/2021 द्वारा 30,10,000/- अक्षरी तीस लाख दस हजार रुपए में क्रय किया गया है। अनावेदक द्वारा आवेदिका के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किए जाने पश्चात आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में पंजीकृत विक्रय पत्र,बी-1, शपथ पत्र व तलवाना के साथ प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा पेश करना हो तो नियत तिथि दिनांक 23/04/2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 01/04/2021
पेशी दिनांक 23/04/2021

नायब तहसीलदार
सुहेला
सील

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 /2020-21
ग्राम- गुद्‌गुदा प.ह.नं. 57

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमीरचंद कुर्रे पिता नरेश कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम गुद्‌गुदा तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम गुद्‌गुदा स्थित भूमि ख.नं. 506/1 रकबा 0.44 हे. को खातेदार विक्रेता श्रीमती खोरबाहरिन कुर्रे पति त्रिलोचन कुर्रे से पंजीकृत उपहार विलेख बैनामा दिनांक 05/03/2020 को उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में क्रय करने के कारण उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने की मांग किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 15/04/2021 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
आरंग, रायपुर छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202103112600050

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
कोरासी प.ह.नं. 00042 (1704/1(0.1200 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - संतोष कुमार,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता पुसउ निवासी ग्राम कोरासी, तहसील आरंग, जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम कोरासी प.ह.न. 42 रा.नि.मं. भैंसा स्थित खसरा नंबर 1704/1 रकबा क्रमशः 0.120 हे. भूमि बरातू पिता पुसऊ एवं संतोष पिता पुसउ के नाम पर संयुक्त रूप से भू राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार बरातु पिता पुसउ के द्वारा दिनांक 15/01/2021 को हक त्याग विलेख निष्पादित किया गया है। हक त्यागकर्ता के नाम विलोपित कर शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति करना हो तो दिनांक 22/04/2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार एवं सुनवाई नहीं होगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

Pramod Kumar Patel
तहसीलदार
आरंग
सील

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा प्रपत्र ''A'' में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजनांतर्गत निर्माण कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

एन.आई.टी. क्रमांक, दिनांक सिस्टम टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
249/03.04.21, 75689	विकासखंड अभनपुर के ग्राम भेलवाडीह	48.25
250/03.04.21, 75690	विकासखंड अभनपुर के ग्राम तोरला	79.24
251/03.04.21, 75691	विकासखंड अभनपुर के ग्राम खट्टी	71.63
252/03.04.21, 75692	विकासखंड अभनपुर के ग्राम राखी	62.85
253/03.04.21, 75693	विकासखंड धरसींवा के ग्राम मुजगहन	33.98
254/03.04.21, 75694	विकासखंड धरसींवा के ग्राम लालपुर	16.46
255/03.04.21, 75695	विकासखंड धरसींवा के ग्राम रैयता	43.26
256/03.04.21, 75696	विकासखंड धरसींवा के ग्राम कपसदा	42.02
257/03.04.21, 75697	विकासखंड धरसींवा के ग्राम सेजबहार	81.60
258/03.04.21, 75698	विकासखंड धरसींवा के ग्राम धरमपुरा	72.15

नोट :-
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 12.04.2021 से देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 26.04.2021 होगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
रायपुर (छ.ग.)

जी-60160/4

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 105
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. श्री अनिल तम्बोली 2. श्री अजय कुमार 3. श्रीमती भारतीय पिता स्व. दौवा प्रसाद तम्बोली जाति बरई साकिन आरंग भूमि/भवन को विक्रेता स्व. दौवा प्रसाद तम्बोली पिता स्व. गोपाल प्रसाद साकिन आरंग से मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 08 /भूमि खसरा नं. 3793/2, 2149/2, 2149/5, 2146 रकबा 1940 वर्गफुट 1940 के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 106
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पुरूषोत्तम लोधी पिता श्री महंगु राम लोधी जाति लोधी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता स्व. महंगुराम लोधी पिता स्व. मुलाल लोधी साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 126 /भूमि खसरा नं. रकबा वर्गफुट के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 107
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भोलाराम जलक्षत्री पिता स्व. खोरबाहराराम जलक्षत्री जाति धीमर साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता स्व. खोरबाहराराम जलक्षत्री पिता स्व. छोटेराम जलक्षत्री साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 60/1 /भूमि खसरा नं. रकबा वर्गफुट के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 108
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. श्री शिवकुमार लोधी 2. श्रीमती जानबाई लोधी पिता 1. छबिराम लोधी 2. पति स्व. मुलाल लोधी जाति लोधी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता स्व. छबिराम लोधी पिता स्व. जीवन लोधी साकिन आरंग से मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 07 /भूमि खसरा नं. रकबा वर्गफुट के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. 120
ग्राम/शहर - आरंग

-: ईश्तहार- सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रीता वर्मा पति स्व. मोहनलाल नेमवानी जाति सिंधी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता स्व. तिरथदास नेमवानी पिता स्व. डोडोमल नेमवानी साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 132 /भूमि खसरा नं. रकबा वर्गफुट के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार /विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/04/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आरंग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

// जोनल निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/02/NIT-01/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2021-22 — सुकमा, दिनांक 01/04/2021

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत सिविल एवं आतंरिक विद्युतीकरण कार्य कराए जाने हेतु जोनल निविदा जोनवार आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	2
(1) जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रु. 10.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन/मंच/पुलिया/बाउंड्रीवाल/नाली/सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य हेतु (वि.खं. सुकमा हेतु 3 जोन, छिन्दगढ़-4 जोन एवं वि.खं. कोन्टा-3)	प्रत्येक जोन हेतु 25.00 लाख
(2) जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य जिसमें रु. 10.00 लाख एवं इससे कम लागत के आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु	प्रत्येक वि.खण्ड हेतु 10.00 लाख

निविदा डाऊनलोड एवं डी.डी. बनाने की अंतिम तिथि 15.04.2021

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://cg.nic.in/resworks से डाऊनलोड की जा सकती है।

(ए.के. राठौर)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला- सुकमा (छ.ग.)

जी-60137/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

बिना किसानों की भू-वर्जन प्रकरण तैयार नहर कार्य को किसानों ने कराया बंद

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। सिंचाई विभाग के ठेकेदार को आर्थिक फायदा पहुंचाने के अलावा नहर कार्यों की खानापूर्ति प्रगति ऊपरी अधिकारियों को दिखाने के लिए जिम्मेदार किसानों के खेतो को बलि चढ़ा रहे हैं। बिना किसानों के सहमति एवं भू वर्जन प्रकरण तैयार किए नहर कार्य पिछले कई महीनों से कराया जा रहा है। जिससे आक्रोश किसानों ने आज मौके पर पहुंचकर नहर काम बंद करा दिया। क्योंकि ठेकेदार द्वारा मनमानी नहर निर्माण कराने से पिछले वर्ष कई किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। उल्लेखनीय हो कि भेजीपदर डायवर्सन निर्माण धारनीधोड़ा से होकर ढोरा जलाशय तक नहर कार्य करोड़ों की लागत से बनाया जा रहा है। जहां सर्वे के विपरीत नहर कार्य कराने के साथ किसानों की परेशानी को भी अनदेखा किया जा रहा है। जिससे नाराज धारनिधोड़ा के करीब 30 किसान कार्य स्थल पर पहुंचकर काम को बंद करा दिया क्योंकि नहर कार्य कराने से पहले उक्त जमीन के किसानों से सहमति लिया जाता है। उसके बाद कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर भू वर्जन तैयार करते हुए किसानों को मुआवजा दिलाया जाता है। तत्पश्चात नहर कार्य कराए जाने का प्रावधान है। लेकिन सिंचाई

विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए बिना कागजी प्रक्रिया पूर्ण किए नहर खोदने की छूट दिया है ।और और इस संरक्षण का फायदा उठाते हुए ठेकेदार नहर की मिट्टी को आजू-बाजू डाल कर किसानों की फसल को बली चढ़ा रहे हैं शायद यही वजह है कि पिछले वर्ष कईयों किसानों की फसल नष्ट हो गई ।

सूबोल के 2 एकड़ भूमि की फसल खराब हुई तो वही पुस्तम की सवा एकड़ सदन की 1 एकड़ और अर्जुन की डेढ़ एकड़ सहित कईयों किसानों की बीते वर्ष फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। जिसका मुआवजा तो दूर की बात है। अधिकारियों ने प्रकरण तक दर्ज नहीं कराया।

> किसानों की भू वर्जन प्रकरण तैयार हो चुका है आगे की प्रक्रिया भी चल रही है
>
> **डीके पाठक** इंजीनियर सिंचाई विभाग
>
> इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसडीओ आरके सिंघई का पक्ष जानना चाहा मगर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया

जबकि पूरी स्थिति से जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक को लिखित में अवगत कराते हुए ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की मांग किया रहा। मगर 3 माह से अधिक समय बीतने के बाद भी लिखित शिकायत पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाया ।और मजबूरी के चलते किसानों ने काम बंद कराने की बात कही। फिर भी सिंचाई विभाग के अफसर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। जिससे नाराज किसान अब सीधा विभाग घेराव करने की तैयारी कर रहे हैं ।क्योंकि अधिकारी से आश्वासन के अलावा अब तक कुछ हासिल नहीं हो पाया।

न्यूज गैलरी

कवर्धा। धवईपानी मध्यप्रदेश के कान्हा बॉर्डर से लगे वनांचल के पंचायत क्षेत्र मे अजगर.. दिखा।

होम आइसोलेशन मरीजो के लिए बना नियंत्रण कक्ष

भाटापारा। कोरोना से संक्रमित और होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे मरीजों की सुविधा के लिए जिला ग्रंथालय परिसर, बलौदाबाजार में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष दिन-रात 24 घण्टे काम करेगा। अवकाश के दिनों में भी क्रियाशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर (88174-00390) है। पारी-पारी से 12 अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी इसमें लगाई गई है। होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीज़ किसी भी समय उपरोक्त नम्बर पर सम्पर्क करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार बंजारे मो.(98261-52308) को बनाया गया है।

सुविधाएं बढ़ाये जाने को लेकर पालिका अध्यक्ष ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

गरियाबंद। जिला मुख्यालय में स्थित कोविड-19 हास्पिटल में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार को लेकर शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कलेक्टर नीलेश क्षीर सागर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नपा अध्यक्ष मेमन ने कहा है कि जिले में कोविड-19 कोरोना का संक्रमण लगातार बढ़ने के कारण मरीजो की संख्या में लगातार वृध्दि हो रही है जिसके कारण जिला मुख्यालय कोविड हॉस्पिटल (लाईवलीहुड कॉलेज) में भर्ती मरीजो को आवश्यकतानुसार चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रहा है । जिसके कारण मरीजो को कई प्रकार की कठिनाईयों से गुजरना पड़ रहा है । उक्त परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए कोविड-19 हॉस्पिटल में अतिरिक्त सुविधाएं बढ़ाया जाना आवश्यक है । वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए कोविड हॉस्पिटल में आक्सीजन युक्त 100 बिस्तर की व्यवस्था तथा आईसोलेशन हेतु 500 बिस्तर की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा कोविड-19 से संक्रमित मरीजो को 24 घंटे भर्ती कराये जाने की सुविधा भी प्रदान की जाए।

पेट्रोल पंपों में दिखी भीड़ 9 दिनों तक आम लोगों को नहीं मिलेगा इंधन

बालोद। लॉकडाउन लागू होने के पहले नगर व आसपास के पेट्रोल पंपों में भीड़ देखने को मिली। क्योंकि इस लॉकडाउन के दौरान आम जनता के लिए पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। इसको लेकर लॉकडाउन संबंधित जारी आदेश में भी उल्लेख किया गया है। इसके वजह से लोग पहले से ही ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेट्रोल डीजल खरीदने के लिए पहुंचते रहे। कई लोग तो बड़े डिब्बे में पेट्रोल डीजल लाकर घर में स्टॉक करके भी रख रहे हैं बता दें कि आदेश के अनुसार सिर्फ आम लोगों को छोड़कर सरकारी गाड़ी व मीडिया कर्मियों को भी आवश्यक स्थिति में ईंधन मिलेगा। शाम 6 बजे के पहले पेट्रोल पंप में भीड़ देखने को मिली तो वही बैंक भी बंद रहेंगे एटीएम चालू रहेंगे। पर लोग जरूरत के लिए पैसा निकालने एटीएम में भी कतार लगाए दिखे तो वही शराब दुकानों में भी लंबी कतार देखने को मिली।

हॉस्पिटल में न वेल्टीनेटर न इंजेक्शन कैसे बचेगी लोगो की जान : परवेज

राजनांदगांव। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सदस्य परवेज अहमद पप्पू ने कहा कि जिले के हॉस्पिटल में न वेंटीलेटर न इंजेक्शन कैसे बचेगी लोगों की जान जिला प्रशासन तत्काल व्यवस्था करें। कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग ले अहम फैसला मरीज लाचारी में भटक रहे हैं, शासन के पास बेड व ऑक्सीजन और वेंटीलेटर की व्यवस्था नहीं है, मरीज इलाज के लिए दिन भर भटकते हैं, फिर भी उन हॉस्पिटलों में बेड नहीं मिलते हैं, आखरी में त्रस्त होकर उन्हें जिंदगी जीने की उम्मीद खत्म दिखाई देती है, कितनी लापरवाही से प्रशासन बैठे हैं यह कहां का सिस्टम है।

अवैध शिकार के आरोप में 14 गिरफ्तार पूर्व सरपंच और कोतवार भी शामिल

गरियाबंद। जंगली सुअर के अवैध शिकार के आरोप में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियो में एक पूर्व सरपंच और एक कोतवार भी शामिल है। सप्ताहभर की जांच पड़ताल और धरपकड़ के बाद वन विभाग ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

वन विभाग की कस्टडी में खड़े ये वो 14 शिकारी है जिहोने 3 अप्रैल को पानी की तलाश में तालाब पहुंचे एक जंगली सुअर का शिकार किया और फिर उसके मास को आपस मे बांटकर खा गए। अगले दिन यानी 4 अप्रैल को सबसे पहले मामले की जानकारी उदंती अभ्यारण्य सीतानदी टाइगर रिजर्व के इंदागांव वनपरिक्षेत्र अधिकारी को लगी। रेजर ने पड़ताल की तो पता चला कि घटनस्थल उनकी रेंज के बाहर देवभोग रेंज का है। इंदागांव रेंजर से जानकारी मिलने के बाद देवभोग रेंजर ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। सप्ताहभर की मशक्कत के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

वन विभाग की टीम को जांच में पता चला कि पहले 7 लोगो ने मिलकर जंगली सुअर का शिकार किया। फिर अन्य 6 लोगो ने उनके साथ मिलकर सुअर को काटकर उसका मास आपस मे बांट लिया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी सरनाबहाल ओर घुमरापदर गांव के निवासी है। आरोपियो की निशानदेही पर वन अमले की टीम ने वारदात में उपयुक्त फरसा ओर सुअर के बाल जब्त कर लिए है। टीम ने मौके से सुअर के खून के सैंपल भी लिए है। सभी आरोपियो के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले का खुलासा एक वायरल वीडियो से हुआ। मगर अहम बात ये कि वीडियो वायरल करने वाला हरिराम भी मामले में आरोपी बनाया गया है। हरिराम ने सुअर को काटते वक्त एक वीडियो बनाया था जिसे उसी शाम उसने वायरल कर दिया था। हरिराम का दावा है कि वीडियो बनाने के पीछे उसका मकसद वन्य प्राणियों की रक्षा करना था। वही मामले के अन्य आरोपियो द्वारा उसपर शिकार में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

मवेशी भरा ट्रक पकड़ाया, चालक फरार, 35 मवेशी निकले

भाटापारा। मवेशियों से भरी महाराष्ट्र की एक ट्रक को पकड़ने में पलारी पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस को पीछा करते देख चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। ट्रक में 35 मवेशी भरे हुए थे ।

उपरोक्त सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए पलारी पुलिस निरीक्षक सी आर चंद्रा ने बताया की पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल, उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बघेल के निर्देर्शन में गुरुवार को निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा के नेतृत्व में सउनि जनक राम यादव आरक्षक वीरेन्द्र साहू को मुखबीर से सुचना मिली की ट्रक क्रमांक MH 40 BL 2674 में मवेशी भरकर लवन रोड होते हुये रोहांसी तरफ परिवहन करते ले जानें कि सूचना पर मौका पहुंचकर घेराबंदी किया कि पुलिस को देखकर ट्रक क्रमांक MH 40 BL 2674 का चालक ट्रक को तेज गति से चलाकर ट्रक ग्राम रोहांसी पेट्रोल पंप के पास रोड किनारे रखे लकडी में फंस गया और अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक को छोडकर वाहन चालक भाग गया। ट्रक को चेक करने पर 35 नग मवेशी किमती 350000 रूपये को बिना चारा पानी के ठसाठस भरा मिला एवं ट्रक क्रमांक MH 40 BL 2674 किमती 10,00,000 रूपये को जप्त कर आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 156/2021 धारा 4, 6, 9, 10, 11 छ0ग0 कृषिक पशु परीक्षण अधिनियम व 49ए,50 पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में ट्रक चालक फरार है, जिसकी पता तलाश जारी है।

फिर बंद हो जाएगा गंगरेल का गेट

तालाबों की संख्या मंगाने की हो रही तैयारी

भाटापारा। निस्तारी तालाबों को भरने के लिए छोड़ा गया पानी बहुत जल्द बंद हो जाएगा। इस बीच अंतिम तिथि करीब आता देख, भरे जा रहे तालाबों और ग्रामों की विस्तृत जानकारी मंगाई जा रही है ताकि जाना जा सके कि मैदानी तस्वीर कैसी है।

गंगरेल से छोड़ा गया पानी का आठवां दिन। पानी के लिए भटकते लोगों को मिली राहत। यह बड़ी सुविधा थी। समय पर उठाए गए कदम से ना केवल तालाबों को भरा गया बल्कि बंद हो चुके बोर को भी नया जीवन मिला। साफहै कि भू-जल स्तर में सुधार आया है। प्राथमिक समीक्षा के बाद, गंगरेल बांध प्रबंधन को सूचना भेजे जाने की तैयारी है कि ब्लॉक के लगभग सभी निस्तारी तालाबों को भरा जा चुका है।

मंगाई जा रही जानकारी

भाटापारा ब्लॉक के जिन गांवों को यह सुविधा मिल रही हैं, अब उसकी जानकारी भाटापारा शाखा नहर संभाग ने मंगाई है। अगले 2 दिन के भीतर यह रिपोर्ट मिलने के बाद ग्राम पंचायतों को हिदायत जारी करने की योजना है कि तालाबों का पानी सिंचाई के लिए दिए जाने पर पूरी नजर रखें। अपने स्तर पर ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाएं ताकि भीषण गर्मी के दिनों में निस्तार संकट का सामना नहीं करना पड़े।

> भाटापारा ब्लॉक के निस्तारी तालाबों की जानकारी मंगाई जा रही है। अगले 2 दिन में यह रिपोर्ट मिल जाएगी। इस बीच बांध प्रबंधन को जरूरी जानकारी भेजी जा चुकी है।
>
> **केके खरे** एसडीओ, भाटापारा शाखा नहर संभाग, तिल्दा

लॉकडाउन का समय शुरू होने के पहले बाजारों में उमड़ी भीड़

पुलिस पहुंची दुकानों को बंद कराने, 2 दिन में बढ़ गई दुगनी महंगाई

बालोद। जिले में 9 दिन के लिए लॉकडाउन की घोषणा कर दी गई है. शनिवार शाम 6 बजे से यह लागू हुआ उसके पहले बाजारों में खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ गई है. जिस कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम की स्थिति निर्मित हो गई. एक साथ बढ़ी भीड़ के कारण कोरोना संक्रमण का भी खतरा बढ़ गया है. जबकि लॉकडाउन संक्रमण से बचाने के लिए लगाया गया है.इधर लॉकडाउन और मजबूरी का फायदा दुकानदार उठा रहे हैं. एक सप्ताह के लिए राशन इकठ्ठा करने घर से निकले लोगों को महंगे दाम में सामानों की खरीदी करनी पड़ रही है. क्योंकि व्यापारी सभी जरूरी चीजों को अधिक रेट पर बेच रहे हैं. मजबूरी में लोग खरीदी भी कर रहे हैं. वरना उन्हें लॉकडाउन के दौरान सामान नहीं मिलेगा.2 दिन में महंगाई दुगनी हो गई है। जो आलू 25? 20 में मिल जाता था उसे लोगों ने मजबूरी में 35 से 40 तक में खरीदा ग्रामीण क्षेत्र में तो यह वृद्धि और तेज हो गई है

पुलिस निकली दुकानों को बंद कराने

जैसे ही शाम को 5:30 बजे नगर में पुलिस की टीम दुकानों व सब्जी पसरा वालों को बंद कराने के लिए निकल पड़ी और जल्द से जल्द उन्हें 6 बजे तक समान समेटने निर्देशित किया गया। पहले भी लॉकडाउन लागू हुआ है इसलिए लोगों को अनुभव है की क्या-क्या होता है। इसलिए पुलिस को देखकर तत्काल दुकानदार भी शटर गिराने लग गए तो वही लोग भी आपाधापी में घर लौटने लगे। बन्द कराने के लिए तहसीलदार रश्मि वर्मा, थाना प्रभारी गैंदसिंह ठाकुर, सब इंस्पेक्टर शिशिर पाण्डेय, यामन देवांगन सहित नगर पालिका पार्षद योगराज भारती व अन्य अमला पहुंचा था।

भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति

अपने-अपने घर के लिए सामान खरीदने पूरा शहर बाजार में आ गया है. जिससे बाजारों में अचानक भीड़ कई गुना बढ़ गई है. लोगों के एक साथ बाहर निकलने की वजह से न केवल भीड़ इकठ्ठा हुआ, बल्कि सड़क पर जाम की स्थिति बन गई. इस कारण आवाजाही में भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा.

आलू, प्याज और सब्जी के बढ़े दाम

व्यापारियों ने बड़ी संख्या में बढ़ी भीड़ को देखते हुए खाद्यान्न सहित अन्य वस्तुओं के दाम में बढ़ोत्तरी कर दी है. सभी आवश्यक वस्तुओं को दो-तीन गुने दाम पर बेचकर मुनाफाखोरी की जा रही है।

जिले के सभी प्रवेश मार्गों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

- **कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा-जिले में प्रवेश के लिए कोरोना निगेटिव रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य, आदेश का कठोरता से पालन करें**

कोरोना संक्रमण के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन हाई अलर्ट

कवर्धा। कबीरधाम जिले में कोविड-19 करोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के रोकथाम और नियंत्रण तथा उनके प्रभाव को कम करने के लिए लॉकडाउन के विकल्प में जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद आज जिले के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। जिले के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों मुंगेली मार्ग के ग्राम लोखान, लोरमी मार्ग के ग्राम कापांदाह, राजनांदगांव मार्ग के ग्राम नरोधी, बेमेतरा मार्ग के ग्राम दशरंगपुर में चेक पोस्ट बनाकर जिले में आने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्य प्रवेश मार्ग चिल्फी और पंडरिया के ग्राम पोलमी में भी राज्य के बाहर से आने वाले व्यक्तियों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। राज्य अथवा जिले में प्रवेश करने के पहले सभी व्यक्तियों से कोरोना वायरस की निगेटिव रिपोर्ट दिखाने के लिए कहा जा रहा है, जिन व्यक्तियों के पास कोरोना जांच रिपोर्ट नहीं है उन सभी व्यक्तियों को जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है।कलेक्टर व जिला दण्डाअधिकारी श्री रमेश कुमार शर्मा ने जिले में प्रवेश के लिए कोरोना वायरस जांच की निगेटिव रिपोर्ट दिखाने के लिए अनिवार्य कर दिया है।

कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. के साथ संयुक्त रूप से कबीरधाम जिले के प्रवेश मार्गों में बनाए गए सभी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हुए जिले में बढ़ते संक्रमण को रोकने और उनके चैन अथवा श्रृंख्ला को तोड़ने के लिए सहयोग की अपील भी की है। कलेक्टर ने चेक पोस्ट में तैनात प्रशासिनक और मेडिकल टीम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में प्रवेश के लिए कोरोना निगेटिव रिपोर्ट को अनिवार्य किया गया है। इस आदेश का अक्षरशः पालन किया जाए।

चेक पोस्ट में सिर्फमेडिकल इमरजेंसी जैसे गर्भवती महिलाओं की कोराना जांच होगी

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के कांपादाह, लोखान, नरोधी, दशरंपुर चेक पोस्ट कर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चेक पोस्ट में मेडिकल टीम द्वारा सिर्फ मेडिकल इमरेंजी से संबंधी मरीज जैसे कोई गर्मवती महिला प्रसव कराने अथवा जांच कराने अस्पताल जा रही है, तो ऐसे स्थिति में मेडिकल टीम द्वारा तत्काल कोरोना जांच कराई जाएगी। इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति अन्य पारिवारिक अथवा घुमने-फिरने के लिए जिले में प्रवेश कर रहे है, तो ऐसे व्यक्तियों को चेकपोस्ट में कोरोना जांच नहीं कराई जाएगी, बल्कि ऐसे व्यक्तियों को कोरोना जांच की निगेटिव रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य है। कलेक्टर ने सभी चेक पोस्ट में पीने के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने के लिए कहा है।

कोरोना संक्रमण को रोकने अपनाई जा रही कड़ी व्यवस्था की हो रही सराहना

कबीरधाम जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के रोकथाम, नियंत्रण के लिए जिले सभी प्रवेश मुख्य मार्गों पर बहुत कठोरता से मॉनिटरिंग की जा रही है। इस व्यवस्था की लोगों के अलावा व्यापारी संगठनों ने भी सराहना की है। लोगों का कहना है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने लिए प्रशासनिक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बहुत जरूरी है। जिले के सभी प्रवेश मार्गों के अलावा कवर्धा शहर के प्रमुख प्रवेश मार्ग बेमेतरा मार्ग, समनापुर मार्ग और राजनांदगांव पाईपास मार्ग को सील कर दिया है।

इन सभी प्रवेश मार्गों में मेडिकल टीम के अलावा डिप्टी कलेक्टर से लेकर तहसीलदार व नगर पालिका की टीम भी कमान संभाले हुए है।

ओडिशा के अंतिम ब्लॉक धरमगढ़ पर डेढ़ सौ कोरोना पॉजिटिव फिर भी बॉर्डर खुला

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। छत्तीसगढ़ का अंतिम देवभोग ब्लॉक से लगा हुआ उड़ीसा धरमगढ़ में इन दिनों कोरेना का कोहराम मचा हुआ है। आय दिन 7 से 10 कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आ रहे हैं ।बीते कुछ दिनों में ही 150 से ज्यादा लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। बावजूद इसके अब तक स्थानीय प्रशासन द्वारा बॉर्डर को सील बंद करने की कार्यवाही नहीं किया गया है। जबकि मुख्यालय से अधिकांश लोग

धर्मगढ़ आना-जाना रोज कर रहे हैं। जिसके चलते देवभोग ब्लॉक में भी कोरेना का खतरा और बढ़ गया है ।क्योंकि गोहरा पदर खोकसरा खुटगांव तुवास माल से लगभग उड़ीसा धरमगढ़ जुड़ा हुआ है। ऐसे में स्वाभाविक है लोग बिना सतर्कता बरतें उड़ीसा लोगों के संपर्क में आ रहे हैं। जिससे स्थानीय प्रशासनिक अमला अच्छी तरह अवगत हैं। लेकिन बॉर्डर सील करने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं होना आम लोगों के समझ से बाहर है। जबकि कोरोना के शुरुआती दौर पर उड़ीसा से अभनपुर मार्ग के अलावा कच्ची सड़कों को भी पूरी तरह सील बंद किया गया रहा। मगर उड़ीसा की स्थिति से अवगत होकर भी सचेत नहीं होना आने वाले भयावह स्थिति को आमंत्रित करने के समान माना जा रहा है। शायद इसकी शुरुआत भी हो चुकी है ।तभी देवभोग के कोने-कोने में कोरोना पॉजिटिव मामले मिल रहे हैं। फिर भी ना जिम्मेदार गंभीर है और ना लोगों में जागरूकता दिखाई पड़ रही है ।जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में काफी बुरा होने की पूरी संभावना बनी हुई है। क्योंकि उड़ीसा के प्रशासनिक अमला ने कोरोना की रोकथाम के लिए ज्यादा से ज्यादा शक्ति बरत रही है। इसके अलावा शाम के बाद बेवजह घूमने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही भी किया जा रहा है ।तो वही देवभोग मुख्यालय पर दर्जन दर्जन की संख्या में लोग एक साथ नजर आ रहे हैं ।तभी अधिकांश लोग लॉकडाउन के पक्ष में नजर आ रहे हैं और बॉर्डर सील बंद करने के लिए भी मांग कर रहे हैं। ताकि यह ब्लॉक कुछ हद तक कोरोना से अछूता रह सके।

> उड़ीसा धरमगढ़ के प्रशासन से कोरोना स्थिति से अवगत होते हैं उसके बाद ऊपरी अधिकारी को कार्यवाही के लिए अवगत कराया जाएगा।
>
> **अनुपम आशीष टोप्पो**

कोयला का अवैध उत्खनन बड़े स्तर पर जारी, प्रभारी रेंजर अंजान

खुदाई कर ईट भट्ठों में हो रहा सप्लाई, मामला मनेन्द्रगढ़ वन मंडल का

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। प्रदेश में नवनिर्वाचित सरकार ने प्रदेश भर में अवैध कोयला उत्खनन, अवैध पत्थल खनन को लेकर प्रतिबन्ध लगाने के आदेश अफसरों को दी थी। जिसके बाद भी सरगुजा सम्भाग के अंतर्गत कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के मनेन्द्रगढ़ वन परिछेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे मार्ग से थोड़ा अंदर मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ सीमा के निकट में व्यापक पैमाने पर वन सीमा में ही कोयला का अवैध उत्खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा हैं। और खुले आम वाहनों से ढुलाई कर जिले के नजदीकी ईट भट्टियों में भी बेचा जा रहा हैं। वहीं वन विभाग के प्रभारी डिप्टी रेंजर को इसकी भनक तक नही जिससे वन विभाग के वन सर्किल में निगरानी को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं वही वन विभाग के उच्च

अधिकारी अब शिकायत मिलने पर जाँच के पश्चात कार्यवाही की बात कह रहे जो कि समझ से परे हैं।

गौरतलब है कि कोरिया जिले के अंतर्गत वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ अन्तर्गत नेशनल हाइवे मार्ग मध्यप्रदेश के सीमा से लगे घुटरी टोला व सिद्द बाबा के पहाड़ियों के वनों से अवैध कोयला उत्खनन कर अवैध ईट भट्ठा में व्यापक पैमाने पर धड़ल्ले से चल रहा है और महगे दामों में बेचा जा रहा है अवैध कोयला उत्खनन कर वाहनो से रातों रात नजदीक के ईट भट्ठो में बेचा जा रहा है। फिर भी वन विभाग अंजान हैं वही शिकायत मिलने पर कार्यवाही की बात कह रहा जिससे वन विभाग के अधिकारियों के वन सीमा में निगरानी को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं।

जब कि कोयले कि अवैध उत्खनन करते मजदूर अपने जान को जोखिम में डाल कर पैसो कि लालच मे जान भी गवाँ सकते है। जबकि विगत वर्ष बैकुंठपुर के नजदीक देवखोल मे एक मजदुर कोयला खोदते समय छत गिरने के कारण दब कर मौत भी हो चुका है। जिसके बाद अब तक वन विभाग सचेत नही हुए हैं और खुदाई लगातार जारी हैं।

मिली जानकारी अनुसार वन विभाग की लापरवाही से कोल माफीयो द्वारा निडर होकर 10 फुट से लगभग 20 फुट तक के विकराल गढढो मे तब्दील होने तक जमीन के अन्दर से कोयला निकालकर ईट भट्ठो में महंगे दामो मे लगभग दस किलो मीटर दुर तक ले जाकर बिक्री किया जाता हैं। किन्तु वन विभाग के अधिकारीयो द्वारा ईट मालिकों पर कार्यवाही करने के बजाए लेन देन कर मामला दबाया जाता है जबकि रात्रि में गश्त लगाकर छापा मार कार्यवाही की जानी चाहिए थी। स्थानीय ग्रामीणों ने चर्चा करते हुए बताया कि हमारे द्वारा मनेन्द्रगढ़ के वन विभाग को पूर्व में शिकायत भी किया जा चुका हैं जहा वन विभाग द्वारा मौके पर जाकर जांच भी की गई थी किन्तु क्या कार्यवाही हुई यह तो विभाग ही बता सकता हैं जब कि पूर्व रेंजर का वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ से ट्रांसफर हो जाने के कारण कोल माफियाओं का मनोबल और बढ़ गया हैं। जिससे धड़ल्ले से अवैध कोयला उत्तखन्न कर सरकार के राजस्व को करोड़ों रुपये की क्षति पहुँचा रहें हैं। ग्रामीणों ने आगे कहा की कोल निकालने का स्थान जो गढ्ढा बना हुआ हैं वो जानलेवा बन गया हैं कभी भी उसकी छत गिर सकती हैं उत्खनन कर रहे मजदूरों के साथ दुर्घटना घट सकती हैं। इस अवैध उत्खनन को वन विभाग द्वारा जल्द बन्द नही कराया गया तो इसके जिम्मेदारी वन विभाग का होगा ।वही इस संबंध में जब छेत्र के प्रभारी अधिकारी से जानकारी चाही गई तो उन्होंने इस संबंध में कोई भी जानकारी वन विभाग के उच्च अधिकारियों से लेने का हवाला देते हुए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया ।

लॉकडाउन के 1 दिन पहले गुटका गुड़ाखू के दामों में बढ़ोतरी

- **विषम संकट में पैसा कमाने की मची होड़ सबसे ज्यादा बढ़ा गुड़ाखू का दाम**
- **प्रशासन बेखबर हर लॉकडाउन में यही स्थिति होता है पर अब तक कोई बड़ी कार्यवाही नहीं**

गुंडरदेही। गुंडरदेही नगर में गुटका गुड़ाखू का रेट में काफी बढ़ोतरी अफवाहों के बीच 6 माह पहले जब नमक की रेट बढ़ जाने वह सटेज की बात पर प्रशासन ने स्वयं दुकान में आकर ?10 किलो में नमक ग्राहकों को बेचा था क्या गुंडरदेही नगर में काला कारोबारी जैसे गुटका गुड़ाखू सिगरेट जैसे दामों का रेट बढ़ाने वाले अवैध कारोबारियों पर नकेल कसने अ भी तक प्रशासन विफल है?190 की गुड़ाखू आज ?500 में बेच रहे हैं सभी गुटका पैकेट में 20 से ?30 बढ़ोतरी कर पैसा कमा रहे हैं लगातार सोशल मीडिया में इस महामारी से जूझने लोग पैसा ना कमाने का निवेदन आवेदन कर रहे हैं पर पता नहीं प्रतिबंधित चीज बेचने वाले लोगों पर सिर्फ पैसा कमाने होड़ मचा हुआ है वही मार्केट बंद को लेकर ग्रामीण क्षेत्र से गुटका गुड़ाखू का प्रेमी दुकानों में काफी भीड़ देखने को मिल रहा है पान मसाला दुकान व कुछ किराना दुकान के आड़ में काफी महंगा रेट में गुटका गुड़ाखू बेचने का शिकायत मिल रहे अब देखना होगा कि प्रशासन कितना रुपए में गुटका गुड़ाखू बेचवा पाते हैं ?10 मे नमक के लिए दुकानदार को प्रशासन डराया धमकाया जा रहा था विभागीय व प्रशासन के सहयोग से बड़ा गुटका गुड़ाखू का दाम अभी तक एक भी कार्यवाही नहीं होने से गुड़ाखू बेचने वाले व्यापारियों का हौसला बुलंद एक पान मसाला के व्यापारी प्रतिदिन दुर्ग से आना-जाना करते थे पर लॉक डाउन के चलते पैसा कमाने के कारण गुटका गुड़ाखू अधिक रेट में बेचने के कारण व स्थानीय आसपास निवास बना लिए हैं लोगों से जानकारी मिल रहा है कि कल किसी दुखद कार्यक्रम में प्रतिबंधित क्षेत्र में गया था आज सुबह फिर स्थानीय जगह में दुकान खोलने आ गया। इस पूरे मामले को लेकर तहसीलदार अश्वन कुमार ने कहा मैं अभी टीम भेज रहा हूं जांच करवाता हूं इस संकट के समय किसी व्यापारी यदि ज्यादा रेट में कोई भी सामान भेजता है तो उन पर उचित कार्रवाई करेंगे।

हुक्का पानी बंद कराने वाले के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लामबंद हुए समाज के पदाधिकारी

- **पुलिस थाना में लिखित शिकायत कराई दर्ज**

जांजगीर-चांपा। हुक्का पानी बंद कराने वालै झेरिया यादव समाज के अनाधिकृत पदाधिकारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने एवं पीडित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए चाम्पा तहसील झेरिया यादव समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगायी है।

पुलिस थाना बिर्रा थानान्तर्गत ग्राम चोरहादेवरी मे सकुन्दा लकेश्वरी यादव निवासी हैं किन्तु झेरिया यादव समाज के अनाधिकृत पदाधिकारियों व्दारा करीब 7वर्षो से यादव समाज से बहिष्कृत किए गए हैं। पूर्व में पंचायत चुनाव में सरपंच प्रत्याशी खोलबहरा यादव को वोट देने के लिए ग्राम के प्रमुख महेत्तर यादव पिता नत्थू यादव सहेत्तर यादव पिता नत्थू यादव व रामरतन यादव पिता बोलो यादव सकुन्दा यादव के घर पहुंचे और वोट देनै.के लिए रामायण पुराण की कसम दिला रहे थे तब इनके परिवार वाले रामायण पुराण की कसम खाने के लिए मना कर दिए इस बात को लेकर उक्त सभी लोग एक राय होकर धमकी दी कि समाज से तुम लोगों को बहिष्कृत करेंगे तब से इनके परिवार का हुक्का पानी खान पान सब बंद कर कर दिए हैं सकुन्दा यादव समाज में रखने के लिए19नवबंर 2019 को ग्राम चोरहादेवरी मे झेरिया यादव समाज का बैठक आहूत किया गया जिसमें जनकराम यादव ग्राम कपिस्दा नरेन्द्र कुमार यादव बिर्रा रूपसिग यादव तालदेवरी एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित थे जिसमें बैठक खर्च के लिए9500रू तथा 40हजार रुपये जुर्माना के रूप में दंडित किया गया सकुन्दा यादव के व्दारा पूछा गया तो किस गलती के कारण मुझे दंडित किया गया है इतनी पूछने पर वे भड़क गया और उन्होंने बैठक मे शामिल करने से इंकार कर दिया।समाज के व्दारा बहिष्कार करने एवं आज पर्यन्त तक उचित न्याय नहीं मिलने के कारण चितिंत है।

> **कार्रवाई की जाएगी**
>
> झेरिया यादव समाज के अनाधिकृत पदाधिकारियों से पूछताछ की जाएंगी एवं मामले की सही पाए जाने पर कार्यवाही करने की बात कही है।
>
> **मो.तारीफहरीश,** पुलिस थाना बिर्रा प्रभारी

एक साल में कोरोना हुआ और मजबूत, व्यवस्था चरमराई, लोग अभी भी बेपरवाह

- **लापरवाही जो कोरोना को बढ़ाने में मदद कर रही, न टेस्टिंग, न ट्रेसिंग और न घर बैठे ट्रीटमेंट**

- **अस्पताल जाना है तो खुद एम्बुलेंस जुटाओ**

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। कोरोना से जूझते हुए एक साल हो गए है जहाँ इस एक साल में कोरोना ने अभी और भयानक रूप ले लिया है । जहाँ पिछले साल के मार्च, अप्रैल से पूरे साल में खरोरा परिछेत्र में सिर्फ2 व्यक्ति की मौत कोरोना के कारण हुई थी व कोरोना से लड़ने के लिए सभी तैयारी की जा चुकी थी । वही इस साल मार्च व अप्रैल माह के 10 दिनों में ही कोरोना के मरने वालों की संख्या 15 के पार जा चुकी है।

वहीं इसका सबका सबसे कारण है की पिछले साल जहाँ परिछेत्र में कोरोना को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई थी वही अब मानो प्रशासन कुछ करना ही न चाहता हो जिसके कारण परिछेत्र में कोरोना संक्रमित मरीजो की संख्या लगातार बढ़ रही है साथ ही इससे परिछेत्र में मौत भी होने लगी है औसतन परिछेत्र में हर दिन एक व्यक्ति की मौत कोरोना संक्रमण के कारण हो रही है । लापरवाही जो कोरोना को बढ़ाने में मदद कर रही है ।

टेस्ट पर ध्यान न देना: 200 जगह की जगह 30-- 40 के ही टेस्ट किए जा रहे जहाँ खरोरा परिछेत्र में पहले रोजाना 200 लोगो का टेस्ट होता था जिसके लिए 2 लैब टेक्नीशियन , सहित 5 स्टाफकार्य करते थे । वही अब रोजाना 30-40 लोगो का ही टेस्ट होता है जबकि अब सिर्फएक लैब टेक्नीशियन रहता है वह भी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक।

> **मरीजों को मिलने वाली सरकारी सुविधा भी बंद**
>
> पहले सरकार देती थी अस्पताल ले जाने की सुविधा लेकिन अब कोविड सेंटर में ही जगह नही है अगर किसी व्यक्ति की स्थिति ज्यादा खराब होती है तो उसे प्राईवेट अस्पताल की ओर रुख करना पड़ता है जबकि अभी रायपुर के अधिकांश अस्पतालों में जगह नही है व गरीब के पास तो अस्पताल तक जाने के लिए साधन भी नही ।

गलगम मिलिशिया प्लाटून सेक्शन सी के कमाण्डर का आत्मसमर्पण

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर - नवप्रदेश। जिले में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत 01 माओवादी रमेश माड़वी पिता स्व0 मल्ला माड़वी उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया साकिन गलगम स्कूलपारा थाना उसूर जिला बीजापुर ग्राम गलगम मिलिशिया प्लाटून का सी सेक्शन कमाण्डर 10 अप्रैल 2021 को अति0पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ.पकंज शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स आशीष कुंजाम के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छग शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। उक्त माओवादी द्वारा संगठन में परिवार से मिलने नही देने, माआवादियों की विचारधारा, जीवन शैली एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर, भारत के सविधान में विश्वास रखते हुये, छग शासन की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर रमेश माड़वी द्वारा पुलिस के समक्ष समर्पण किया गया। समर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् रू दस हजार रूपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया।

> **माओवदी संगठन में कार्य का विवरण**
>
> वर्ष 2003 मे उसूर एलओएस सपनक्का द्वारा माओवादी संगठन में बाल संघम के पद पर भर्ती किया गया, जहां 5 वर्ष कार्य करने के बाद वर्ष 2008 में ग्राम गलगम को मिलिशिया सदस्य बनाया गया। वर्ष 2016 में गलगम मिलिशिया सेक्शन सी का सदस्य बनाया गया , वर्ष 2017 में गलगम मिलिशिया प्लाटून में सेक्शन सी का कमाण्डर बनाया गया।

स्वास्थ्य टीम ने इमरजेंसी प्रकरणों का चेकपोस्ट पर किया कोरोना टेस्ट

- **बेवजह घूमने आने वालों को लौटाया गया, बोला गया पहले अपने नजदीकी केंद्रों से जांच कराएं, नेगेटिव रिपोर्ट दिखाएं तब मिलेगी शहर में एंट्री**

कवर्धा। जिला प्रशासन ने आज से जिले में कोरोना नियंत्रण के लिए नया गाइड लाइन लागू कर दिया है। इसके तहत कवर्धा शहर के व कबीरधाम जिले के भीतर प्रवेश के लिए पिछले तीन दिन तक का कोरोना जांच का नेगेटिव रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य होगा। इस सम्बंध में मेडिकल इमरजेंसी या अन्य इमरजेंसी वाले लोगों को राहत देने के उद्देश्य से कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर सी एम एच ओ डॉ शैलेन्द्र कुमार मंडल ने जिले व कवर्धा शहर की सीमाओं पर कुल 6 जगहों पर कोरोना जांच टीम की ड्यूटी लगाई है। डॉ मंडल ने बताया कि यह दल आगामी 30 अप्रैल तक इसी प्रकार सेवाएं देंगे। इसके पश्चात जिला प्रसाशन अथवा शासन से जैसे निर्देश प्राप्त होंगे उसके अनुरूप कार्ययोजना बना ली जायेगी। कोरोना के फैल चुके संक्रमणों के कारण दो-तीन दिन पॉजिटिविटी सामने आने के चांसेस हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मंडल ने कहा कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए जो एहतियात किये जा रहे हैं वे कारगर सिद्ध होंगे। इसके अलावा जो संक्रमण का फैलाव हो चुका है उन्हें ट्रैक करने के लिए लगातार जांच जारी है। डॉ मंडल ने बताया कि फैलाव वाले प्रकरणों का अभी दो-तीन दिनों में पॉजिटिविटी सामने आ जायेगी इसके बाद जांच में कोरोना पॉजिटिविटी कम होने की उम्मीद है। उन्होंने कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए कोरोना गाइड लाइन का पालन करने व स्वानुशासित रहने की अपील जनता से की है।